आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“ आज
* वीर तेजा दशमी ”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 51 | इंदौर, सोमवार 21 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

# भाजपा को धन्यवाद, उसके 'कुकर्मों' से मिली पब्लिसिटी : जीतू पटवारी

## छात्रों की गूंज की सफलता पर प्रेसवार्ता में भाजपा पर तंज, बोले—होर्डिंग से लेकर पुलिस और कोचिंग-हॉस्टल तक दबाव बनाने की कोशिशें की गईं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को इंदौर प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की सफलता के लिए जनता, युवाओं और पत्रकारों का आभार जताया। इसी दौरान उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कार्यक्रम को रोकने या प्रभावित करने के लिए जितनी कोशिशें की गईं, उन्होंने उल्टा कांग्रेस के कार्यक्रम को ही ज्यादा प्रचार दे दिया। पटवारी ने व्यंग्य करते हुए कहा कि वे भाजपा को भी धन्यवाद देते हैं, क्योंकि उसके किए गए कथित कुकर्मों से कांग्रेस को पब्लिसिटी मिली।

पटवारी ने कहा कि इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर जिस तरह का माहौल बनाने की कोशिश की गई, वह अहिल्यानगरी की परंपरा नहीं है। उन्होंने मालवा की कहावत का उल्लेख करते हुए कहा कि भाग्य फूट जाए तो आदमी घर के डांडे से ही अपना घर फोड़ लेता है। उनका संकेत उन प्रयासों की ओर था, जिन्हें वे कार्यक्रम में बाधा डालने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं।

- **होर्डिंग से लेकर पुलिस तक का लगाया आरोप-** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम से पहले शहर में विरोध के होर्डिंग लगाए गए। कांग्रेस ने इन पोस्टरों को लेकर भाजपा पर सवाल उठाए थे, जबकि भाजपा की ओर से कहा गया कि ये पोस्टर राहुल गांधी के बयानों के विरोध में लगाए गए थे। पटवारी ने कहा कि केवल होर्डिंग लगाने तक बात सीमित नहीं रही, बल्कि पुलिस के माध्यम से डर का माहौल बनाने की कोशिश भी की गई। उन्होंने कार्यक्रम की अनुमति और सुरक्षा से जुड़ी प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। इससे पहले कार्यक्रम को लेकर पुलिस की सुरक्षा शर्तों में राजीव गांधी हत्याकांड और वर्मा आयोग की रिपोर्ट का उल्लेख होने पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी। पुलिस का पक्ष था कि यह सुरक्षा व्यवस्था और आयोजकों की जिम्मेदारी से जुड़ा संदर्भ था।
- **कोचिंग और हॉस्टल संचालकों को नोटिस का मुद्दा-** पटवारी ने आरोप लगाया कि कोचिंग संचालकों और हॉस्टल संचालकों को नोटिस दिलवाकर भी दबाव बनाने की कोशिश की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष के किसी कार्यक्रम को रोकने के लिए इस तरह के तरीके अपनाना इंदौर की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि इतना पैसा मांगो कि सामने वाला दे ही न पाए, पुलिस से डरवाओ, कोचिंग मालिकों और हॉस्टल संचालकों को नोटिस दिलवाओ और अलग-अलग तरीके से दबाव बनाओ—यह इंदौर की परंपरा नहीं है। हालांकि कार्यक्रम की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा और पुलिस की ओर से अलग पक्ष सामने आया था। भाजपा नेताओं ने सुरक्षा संबंधी कदमों को आवश्यक बताया था और पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजकों के साथ समन्वय की बात कही थी।
- **मोहन यादव जी, यह फॉर्मूला उज्जैन में लागू करते रहिए-** पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का नाम लेते हुए भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि मोहन यादव जी, आप यह फॉर्मूला उज्जैन में लागू करते रहिए। इंदौर में जितना करोगे, उतना ही घाटा होगा, नुकसान होगा। पटवारी के इस बयान को छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच चले विवाद के संदर्भ में देखा जा रहा है। कार्यक्रम से पहले अनुमति, आयोजन स्थल और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दोनों दलों के बीच बयानबाजी हुई थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि उसे कार्यक्रम के लिए पर्याप्त सहयोग नहीं दिया जा रहा, जबकि भाजपा और प्रशासन की ओर से नियमों और सुरक्षा व्यवस्था का हवाला दिया गया था।



### छात्रों की गूंज अब पूरे प्रदेश में जाएगी, शिक्षा और भर्ती परीक्षाओं के मुद्दे उठाएगी कांग्रेस : कांग्रेस अध्यक्ष

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इंदौर में युवाओं और छात्रों की बड़ी भागीदारी ने शिक्षा, रोजगार और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से सामने रखा है। पटवारी ने कार्यक्रम में सहयोग करने वाले इंदौर के नागरिकों, युवाओं, प्रशासन, पुलिस, मीडिया और सिख समाज का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब छात्रों की गूंज को मध्यप्रदेश के सभी जिलों तक ले जाएगी। पटवारी ने कहा कि इंदौर में कार्यक्रम के लिए उपलब्ध स्थान की क्षमता से कई गुना अधिक युवा और छात्र पहुंचे। उनके अनुसार, यह इस बात का संकेत है कि शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और छात्रों की समस्याओं को लेकर युवाओं में चर्चा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने छात्रों की सुरक्षा, शिक्षा की सुरक्षा, भ्रष्टाचारमुक्त और रोजगारोन्मुखी शिक्षा जैसे मुद्दों को सामने रखा है।

**मुख्यमंत्री से बोले—मूल मुद्दों पर चर्चा करें-** पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिक्षा व्यवस्था के मूल सवालों पर चर्चा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार को सरकारी विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों, परीक्षा व्यवस्था, परिणाम में देरी और भर्ती परीक्षाओं से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। पटवारी ने व्यापम, पीएससी और पटवारी भर्ती परीक्षा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं का उल्लेख करते हुए पूछा कि इन मामलों में अब तक क्या कार्रवाई हुई। उच्च शिक्षा में शिक्षकों की कमी और परीक्षा-परिणाम से जुड़ी समस्याओं को लेकर पटवारी पहले भी मुख्यमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इस बात पर चर्चा करनी चाहिए कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा क्यों नहीं मिल पा रही है, सरकारी संस्थानों में पद क्यों खाली हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर बार-बार सवाल क्यों उठते हैं।

**हर जिले में पहुंचेगी छात्रों की गूंज-** पटवारी ने कहा कि कांग्रेस अब प्रदेशभर में छात्रों के बीच जाएगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर विद्यार्थियों से संपर्क करेंगे, उनका पंजीयन कराया जाएगा और उनकी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि केजी से पीजी तक किफायती, भ्रष्टाचारमुक्त और रोजगारोन्मुखी शिक्षा छात्रों का अधिकार है और इसी भावना को लेकर प्रदेशभर में अभियान चलाया जाएगा।

**छात्र किस विचारधारा का है, यह नहीं बल्कि मुद्दा महत्वपूर्ण-** दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए पटवारी ने कहा कि छात्र कांग्रेस, भाजपा या किसी अन्य विचारधारा से जुड़े हों अथवा किसी राजनीतिक संगठन से उनका संबंध न हो, यदि वे शिक्षा, हॉस्टल, भर्ती परीक्षा या अन्य समस्याओं से जुड़े सवाल उठा रहे हैं तो उन मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी छात्र के विचार या राजनीतिक पहचान के आधार पर उसके सवालों को खारिज करने के बजाय यह देखना चाहिए कि उसके द्वारा उठाया गया मुद्दा वास्तविक है या नहीं। उन्होंने भर्ती परीक्षाओं, शिक्षा व्यवस्था और छात्रों की समस्याओं को लेकर सरकार से जवाबदेही की मांग की।

### विरोध ने ही कर दी हमारी पब्लिसिटी

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस को कार्यक्रम के लिए जितना प्रचार करना था, वह भाजपा के विरोध के कारण ही हो गया। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि मैं भाजपा को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने ये कुकर्म किए, उससे हमारी पब्लिसिटी हुई। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, पेपर लीक और भर्ती से जुड़े सवालों को लेकर कांग्रेस छात्रों के बीच लगातार जाएगी। छात्रों की गूंज अभियान को प्रदेश के अन्य जिलों तक ले जाने की बात भी उन्होंने कही। पटवारी ने कहा कि इंदौर की पहचान संवाद, विचार और लोकतांत्रिक परंपरा से है। उनके मुताबिक विपक्ष के कार्यक्रम को रोकने या दबाव बनाने के बजाय राजनीतिक दलों को युवाओं के सवालों का सामना करना चाहिए। अब कांग्रेस ने छात्रों की गूंज को प्रदेशव्यापी अभियान बनाने का संकेत दिया है, जिससे आने वाले दिनों में शिक्षा, रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर राजनीतिक बहस और तेज होने के आसार हैं।

### मीडिया, प्रशासन और पुलिस का जताया आभार

पटवारी ने छात्रों की गूंज के दौरान सहयोग के लिए इंदौर और मध्यप्रदेश की मीडिया का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मीडिया ने छात्रों से जुड़े मुद्दों को जनता के सामने पहुंचाने में भूमिका निभाई। उन्होंने प्रशासन और पुलिस का भी आभार जताते हुए कहा कि आयोजन के दौरान विभिन्न परिस्थितियों के बीच प्रशासन और पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। पटवारी ने कहा कि आयोजन में शामिल सभी लोगों ने इंदौर की गरिमा से जुड़े इस कार्यक्रम में सहयोग किया।

### सिख समाज की सेवा को किया नमन

पटवारी ने कार्यक्रम के दौरान लंगर की व्यवस्था करने वाले सिख समाज का विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने बताया कि लंगर में बड़ी संख्या में लोगों के लिए पूरे दिन भोजन की व्यवस्था की गई और सेवा देर रात तक जारी रही। उन्होंने सिख समाज की सेवा भावना को नमन करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग के लिए वे समाज के प्रति आभारी हैं। पटवारी ने कहा कि छात्रों की गूंज में उठे शिक्षा, रोजगार, भर्ती और छात्रों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को अब केवल इंदौर तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इन्हें प्रदेश के अलग-अलग जिलों में छात्रों के बीच ले जाकर चर्चा की जाएगी।

## देश विदेश

### अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में दूतावासों को अलर्ट भेजा

**वॉशिंगटन डीसी।** मिडिल-ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिका ने इलाके में मौजूद अपने दूतावासों और नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने लोगों से ज्यादा सतर्क रहने को कहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपना कैंप डेविड दौरा एक दिन पहले खत्म कर शनिवार शाम व्हाइट हाउस लौट आए। ट्रम्प की जल्दी वापसी की वजह व्हाइट हाउस ने नहीं बताई है।

### भाजपा बोली- कांग्रेस जोकरों की पार्टी बनी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के इंदौर में हुए कार्यक्रम छात्रों की गूंज पर विवाद हो गया है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि कार्यक्रम में पीएम मोदी की मां का अपमान किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा- कांग्रेस पार्टी कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं, रेस्ट इन पीस। शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा- राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

### बीएमडब्ल्यू फ्लाईओवर से 75 फीट नीचे गिरी, तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह करीब 5.20 बजे तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू फ्लाईओवर से करीब 75 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। चारों की उम्र 17 से 23 के बीच थी। बीएमडब्ल्यू मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर ने कार पर से नियंत्रण खो दिया और बीएमडब्ल्यू डिवाइडर से टकराई और नीचे गिर गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

### भड़के सलमान खान ने कहा
### मुझे भी कहा - बूढ़ा हो गया, शो में उतारी टी-शर्ट, दिखाए एब्स



**मुंबई।** टीवी शो बिग बॉस 20 के दूसरे वीकेंड का वार में शनिवार को ट्रोलर्स पर जमकर भड़के। सलमान खान ने बॉडी-शेमिंग और एज-शेमिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें भी बूढ़ा हो गया कहा गया है। इसके बाद सलमान ने बीच शो में अपनी टी-शर्ट उतारकर एब्स दिखाए। बता दें कि सलमान की टिप्पणी हाल ही में कटरीना कैफ की हुई ट्रोलिंग के बाद आई। दरअसल, सलमान ने शनिवार के एपिसोड में कंटेस्टेंट स्काउटओपी के सोशल मीडिया और गेमिंग कम्युनिटी से जुड़े बयान का जिक्र किया। सलमान ने कहा कि सोशल मीडिया आज एक बड़ा प्रोफेशन बन चुका है। गेमिंग, कंटेंट क्रिएशन, वीडियो एडिटिंग और सोशल मीडिया के दूसरे कामों के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार और पहचान मिल रही है, लेकिन इसी प्लेटफॉर्म का एक दूसरा पहलू ट्रोलिंग भी है। सलमान ने समझाया कि जब कोई व्यक्ति आगे बढ़ रहा होता है तो उसे नीचे खींचने की कोशिश अक्सर वही लोग करते हैं जो खुद पीछे रह गए हैं।

### नैनो न्यूज

- **मुंबई :** शेयर बाजार में इस हफ्ते 6 आईपीओ आएंगे, कंपनियां टोटल 3,825 करोड़ जुटाएंगी, 22 से 28 सितंबर के बीच ओपन होंगे।
- **नई दिल्ली :** गृहमंत्री अमित शाह की अचानक बिगड़ी तबीयत, कर्नाटक दौरे पर फूड पॉइजनिंग के चलते रद्द हुए कार्यक्रम।
- **यरुशलम :** रिपोर्ट- इजराइली सेना में हथियार-सैनिक कम पड़े, 3 साल की जंग में टैंक भी घिसे, बोइंग से 12 अपाचे हेलिकॉप्टर की डील भी अटकी।
- **लंदन :** सिख बस ड्राइवर पर हमला, युवक ने पहले पीटा फिर बस से उतारा, रास्ते में कई गाड़ियों को टक्कर मारी।
- **सऊदी :** रियाद एयरपोर्ट के पास काला धुआं उठा, हूती विद्रोहियों ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया, सऊदी की राजधानी में जारी हुआ रेड अलर्ट।
- **तमिलनाडु :** तांत्रिक के पास 50 लड़कियों के अश्लील वीडियो मिले, हिडन कैमरे से रिकॉर्डिंग की, डॉर्क वेब पर बेचा, पुलिस ने अरेस्ट किया।

### एशियन गेम्स के पहले दिन भारत को 2 सिल्वर



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारत ने 20वें एशियन गेम्स के पहले दिन 2 सिल्वर मेडल जीत लिए हैं। दोनों मेडल 10 मीटर राइफल शूटिंग में आए। जबकि स्विमिंग और वुशु के मेडल गंवाए हैं। रविवार को एलावेनिल वलारिवन ने 10 मीटर राइफल इंडिविजुअल्स इवेंट में 252.4 अंक के साथ सिल्वर जीता। वे 0.6 अंक से गोल्ड मेडल चूक गईं। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 पॉइंट्स लेकर गोल्ड जीता। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने 1898.0 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इस टीम में एलावेनिल, सोनम मस्कर और विदारसा विनोद शामिल रहीं। सुचिका तरियाल ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की ट्रेडिशनल कैटेगरी (-60किग्रा) के सेमीफाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का किया। उन्होंने मंगोलिया की

### इमरान खान की बहन लाहौर से गिरफ्तार

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा को रविवार को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। एक दिन पहले ही अडियाला जेल में इमरान खान का मेडिकल चेकअप किया गया था। अलीमा की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब पीटीआई 27 सितंबर को इमरान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पीआईएमएस के डॉक्टर की अगुआई में शनिवार को इमरान खान का पूरा मेडिकल चेकअप किया। इसमें ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और आंखों की जांच शामिल थी।

### घर के कैमरे से आईएसआई को भेजी लाइव फीड

**एजेंसी ▸▸ श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में 24 साल के ट्रक ड्राइवर को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में अरेस्ट किया गया। आरोपी की पहचान अमन के रूप में हुई है। अमन ने अपने घर के बाहर सिम इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरा लगाया था। कैमरे का रुख उस सड़क की ओर था, जिसका इस्तेमाल सुरक्षा बल अक्सर करते हैं। वहां से फुटेज आईएसआई हैंडलर्स को लाइव भेजी जाती थी। आरोप है कि कैमरा लगाने के लिए उसे 20 हजार रुपये दिए गए थे। यह रकम दुबई स्थित एक चैनल के जरिए भेजी गई थी।

### यूजीसी के विरोध में 200 ट्रैक्टर लेकर उतरे प्रदर्शनकारी

**एजेंसी ▸▸ आगरा**

आगरा में रविवार को यूजीसी के विरोध में सवर्ण समाज के करीब 1500 युवक 200 ट्रैक्टरों के साथ सड़क पर उतर आए। उन्होंने आगरा-नोएडा यमुना एक्सप्रेस-वे पर जाम लगा दिया। युवक कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे थे। लेकिन, पुलिस और पीएसी ने बुलडोजर, जेसीबी और क्रेन लगाकर रास्ता ब्लॉक कर रोक दिया। इसके बावजूद युवक कलेक्ट्रेट जाने पर अड़े रहे। इसको लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। दोपहर 12 बजे प्रदर्शनकारी बुलडोजर पर चढ़कर आगे दौड़ने लगे। उन्हें रोकने के लिए पुलिसवाले पीछे-पीछे दौड़े। इसके बाद 300 मीटर दूर यमुना एक्सप्रेस-वे के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया।

### यूपी में पुल-सड़कें डूबीं, छग में बिजली गिरने से गई 4 की जान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

यूपी में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। सीतापुर में छोटे पुलों के ऊपर से नदियों का पानी बह रहा है। सड़कें भी पानी में डूब गई हैं। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शनिवार को अलग-अलग जगहों पर बिजली गिरने की घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसों में 3 अन्य लोग घायल हुए हैं। राज्य में आज भी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है। रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव और बीजापुर जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के पास लगातार लैंडस्लाइड हो रही है। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरने के कारण प्रशासन ने सुबह 9 बजे तक यात्रा रोक दी थी। इस दौरान यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया। सुबह 9 बजे के बाद यात्रा दोबारा शुरू हुई।

## एआई की गलती से अमेरिका-चीन में जंग हो जाती

### चैटबॉट ने चीनी जहाज में परमाणु उपकरण होने की फेक खबर दी, हमले को तैयार थी अमेरिकी सेना

**एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन डीसी**

अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट की गलती से चीन से जंग के करीब पहुंच गया था। ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना को एक खुफिया रिपोर्ट मिली। इसमें दावा किया गया था कि मिडिल ईस्ट में मौजूद चीन का एक जहाज परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़े उपकरण लेकर जा रहा है।

रिपोर्ट को सही मानकर अमेरिकी सेना ने चीनी जहाज को रोकने और उस पर कब्जे की तैयारी शुरू कर दी। हथियारबंद सैनिक जहाज पर चढ़ने के लिए तैयार थे, जबकि अमेरिकी सैन्य विमान भी हवा में भेजे जा चुके थे।




**एआई से मिली जानकारी, खुफिया रिपोर्ट में लिख दी-** अकने जो जानकारी दी थी, उसे एआई खुफिया रिपोर्ट में लिख दिया गया। यह रिपोर्ट अमेरिकी सेना के अधिकारियों तक पहुंची। अधिकारियों ने इसी रिपोर्ट के आधार पर चीनी जहाज के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी।

### कार्रवाई से ठीक पहले एआई की गलती पकड़ी गई

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू करने से ठीक पहले खुफिया रिपोर्ट की दोबारा जांच की। इसी दौरान पता चला कि रिपोर्ट तैयार करने में एआई चैटबॉट की मदद ली गई थी और चैटबॉट ने जहाज में मौजूद सामान की गलत पहचान की थी। दरअसल, अमेरिकी सेना के स्पेशल ऑपरेशंस कमांड के एक अधिकारी ने चीनी जहाज के सामान की जानकारी अकचैटबॉट में डाली थी। चैटबॉट ने अलग-अलग जगहों से मिली जानकारी को मिलाकर गलत निष्कर्ष निकाला। उसने बताया कि जहाज में परमाणु हथियार बनाने से जुड़े उपकरण रखे हैं।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### बादल बरसे तो पर जल स्त्रोत खाली

इस वर्ष मानसून के दौर में काफी कुछ बारिश हुई है। जिले के औसत से करीब आधी से अधिक वर्षा इस दौरान दर्ज की जा चुकी है और शेष बचे मानसून के दौर में 10-12 दिनों में भी बादल जाते-जाते बरसने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। फसल भी अच्छी ही है और उसके साथ ही किसान इसे देख कर प्रसन्न भी हो रहा है। अगली फसल के लिए पानी की कमी अभी से दिखाई देने लगी है। इस बार हुई बारिश की स्थिति कुछ ऐसी रही है कि अभी तक जल स्त्रोत पूरी तरह से ही तकरीबन खाली पडे हैं। जिले के लघु एवं मध्यम श्रेणी के तालाबों की स्थिति पूरी तरह से ही खाली पडी हुई है और उनमें मात्र कुछ ही पानी शेष है। दो-तीन मध्यम श्रेणी के तालाबों से सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है उनमें भी पानी मात्र घुटने-घुटने तक ही बताया जा रहा है। यही नहीं शहर की प्यास बुझाने वाला डेम भी इस बार खाली ही बताया जा रहा है। पास के शहरों में भी हालात ऐसे ही हैं। वहां के डेम भी अभी खाली ही पड़े हैं। ऐसे में दूसरी फसल के लिए पानी का अभाव बनना तय है। वैसे तो जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह पर नर्मदा की लाईन है लेकिन कुछ क्षेत्र इससे अछुते भी हैं और वहां अभी काम जारी ही है। यह भी किसानों की मांग के बाद हुआ है। पेयजल के लिए भी डेम में जितना जो भी पानी है उसकी अभी से निगरानी महत्वपूर्ण हो गई है। वैसे नर्मदा की लाइन के चलते पेयजल के लिए परेशानी की स्थिति बनने जैसा कुछ हो ऐसा नहीं रहेगा। खान क्लोज डक्ट के शुरू होने पर नर्मदा का शिप्रा में छोड़े जाने वाला पानी भी उपयोग में लिया जा सकेगा। खुसूर-फुसूर है कि आगामी फसल में सिंचाई के उपयोग एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल को लेकर परेशानी की स्थिति निर्मित हो सकती है। यह है गंभीर से भी सिंचाई के लिए पानी खिंचने की स्थिति सामने आएगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में में धड़ल्ले से दौड़ाई जा रही नलजल योजना भी इससे प्रभावित होना तय है क्यों कि वहां भी जल स्त्रोतों में पानी की कमी तो आना ही है। ऐसे में अभी से पेयजल को लेकर जिम्मेदारों को अपनी योजना बनाने की और ध्यान देना आवश्यक हो गया है।

## नैनो न्यूज

- 27 सितंबर से सजेगा 20वां अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव, मांडना कला में बनेंगे 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड, 108 मीटर लंबी शिव बारात रचेगी इतिहास, देश-विदेश के पद्मश्री विद्वान व कलाकार होंगे शामिल
- भगवान श्रीचंद्र जी का 532वां प्राकट्य दिवस श्री अलखमेहरधाम उदासीन आश्रम सनातन मंदिर, शिवाजी पार्क में महंत स्वामी आत्मादास उदासीन के सान्निध्य में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाएगा।
- अष्टमी पर राधास्वरूप में सजे श्री बांके बिहारी, दोपहर में हुई जन्म आरती, आज से शुरू होगा भागवत सप्ताह, मंगलनाथ मंदिर मार्ग अंकपात स्थित एकमात्र ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में शनिवार को राधाष्टमी पर्व मनाया गया।
- जनशिक्षा केन्द्र रूई मे शिक्षकों का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित, संकुल के समस्त शिक्षकों ने शैक्षिक संवाद मे सहभागिता की।
- एक बेटी के शिक्षित होने से सात पीढ़ियां करती हैं तरक्की, जज्बा सोशल फाउंडेशन ने किया शिक्षकों व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, प्रधानमंत्री को दी जन्मदिन की बधाई
- 2027 में भारत को मिल सकती है वीटो पावर, विश्वगुरु बनने का भी योग, गगाचार्य जयंती पर मेवाड़ के ज्योतिर्विद पं. गिरवर गोपाल गर्ग ने की भविष्यवाणी
- निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज, कलाम सर्वधर्म सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं नोबल केयर फामेर्सी के संयुक्त तत्वावधान में आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 सितंबर, रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा।
- राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' में उज्जैन से 400 गाड़ियों और 20 बसों का काफिला इंदौर पहुंचा, महेश परमार और मुकेश भाटी के नेतृत्व में छात्र शक्ति ने किया कूच, युवाओं में दिखा भारी उत्साह

## ट्रेंडिंग

फेसबुक को भी पांचवा वेद घोषित कर देना चाहिए !

इतना ज्ञान वेदों में नहीं मिलता जितना यहां मिलता है।

# शहर में गणेश उत्सव भक्ति और जिम्मेदारी दोनों का संदेश दे रहा

## पंडालों में सजावट के साथ गणेश जी की भव्य प्रतिमाएं बनी आकर्षण का केंद्र.. श्रद्धालु दर्शन और पूजा अर्चना के लिए उमड़ रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में गणेश उत्सव का उत्साह हर तरफ देखने को मिल रहा है। शहर के पंडालों में भव्य सजावट के साथ भगवान गणेश की भव्य और रंग-बिरंगी प्रतिमाएँ सजाई गई हैं। शाम होते ही श्रद्धालु पंडालों में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए उमड़ रहे हैं। पूरे शहर में उत्सव का माहौल महसूस किया जा सकता है, जिसमें बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी की भागीदारी दिखाई दे रही है।गणेश पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस पर्व का स्वरूप भी समय के साथ बदलता जा रहा है। अब इसमें सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण-सुरक्षा और लोक जागरूकता जैसे कार्य भी जुड़ गए हैं। जिससे यह महोत्सव भक्ति और जिम्मेदारी दोनों का संदेश दे रहा है।

**बुधवारिया में रिद्धी-सिद्धी के साथ विराजे गणेश :** बुधवारिया में खंडेलवाल धर्मशाला के समीप श्री सिद्धिविनायक मित्र मंडल द्वारा 1 लाख 31 हजार रुपए कीमत की 14 फीट ऊंची व सुंदर गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित गणेश जी की प्रतिमा नवग्रह थीम पर बनवाई गई है और साथ में रिद्धि सिद्धि भी विराजमान है श्री सिद्धिविनायक मित्र मंडल के नमन पोरवाल ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं और आने वाले दिनों में महाआरती के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन भी गणेश पंडाल में किए जाएंगे।

**बुधवारिया में मित्र मंडल बुधवारिया यूथ क्लब के महानगर गणेश-** बुधवारिया में मित्र मंडल बुधवारिया यूथ क्लब द्वारा गणेश जी की 3 लाख 50 हजार रुपए कीमत की 30 फीट ऊंची विशाल व सुंदर गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है तथा यहां विराजित गणेश प्रतिमा के ऊपरी भाग में भगवान विष्णु का वराह अवतार भी दशार्या गया है तथा यहां विराजित गणेश जी की प्रतिमा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है तथा बड़ी संख्या में लोग शाम को गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और महिलाएं व बच्चे गणेश जी के साथ मोबाइल से सेल्फी ले रहे हैं। मित्र मंडल बुधवारिया यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि 21 सितंबर को महाआरती और 23 सितंबर को मोहल्ला आरती का आयोजन किया जायेगा।

**निकास चौराहे पर पूर्णिमा यूथ क्लब के गणेश जी नवग्रह थीम पर -** निकास चौराहे पर पूर्णिमा यूथ क्लब द्वारा 55 हजार रुपए कीमत की 20 फीट ऊंची व सुंदर व आकर्षक दिखने वाली गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है तथा यहां विराजित गणेश जी की प्रतिमा नवग्रह थीम पर बनाई गई है तथा ऊपरी हिस्से में हनुमान जी भी विराजमान है। आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 35 वर्षों से गणेश जी की स्थापना करते आ रहे हैं। आगे बताया कि 22 सितंबर को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया जाएगा तथा 24 सितंबर को भगवान गणेश जी को 56 भोग लगाया जाएगा।

**खजूर वाली मस्जिद के समीप विराजे नगर गणेश-** खजूर वाली मस्जिद के समीप सत्यम युवा संगठन द्वारा 3 लाख 65 हजार रुपए कीमत की 24 फीट विशाल व सुंदर गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यहां विराजित गणेश जी नंदी पर सवार है और गणेश जी भगवान शिव जी की मुद्रा में है आयोजकों ने बताया कि वह पिछले 36 वर्षों से खजूर वाली मस्जिद के समीप गणेश जी की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं साथ ही यहां विराजे गणेश जी नगर गणेश के नाम से जाने जाते हैं ।



गुदरी चौराहा- श्री शिप्रा नवयुवक मंडल



श्री सिद्धविनायक मित्र मंडल बुधवारिया



बुधवारिया यूथ क्लब



निकास चौराहा- पूर्णिमा यूथ क्लब



खजूर वाली मस्जिद के पास नगर गणेश

### गुदरी चौराहे पर विराजे गणेश जी के चांदी के पैर, साढ़े तीन किलो चांदी से बनी गदा भी गणेश जी को चढ़ाएंगे

गुदरी चौराहे पर श्री शिप्रा नवयुवक मंडल गुदरी गणराज सेवा प्रकल्प समिति द्वारा 1 लाख 21 हजार रुपए की विशाल व आकर्षक गणेश प्रतिमा विराजित कर गणेश उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आयोजक रितेश माहेश्वरी ने बताया कि गुदरी चौराहे पर पिछले 41 वर्षों से गणेश जी की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाते आ रहे हैं तथा इस बार भी भगवान गणेश की विशाल व सुंदर प्रतिमा विराजित की गई है यहां विराजित गणेश जी के ऊपरी भाग में भगवान विष्णु व दाएं बाएं हाथ तरफ भगवान जगन्नाथ, वीरभद्र व सुभद्रा जी के साथ ही रिद्धि सिद्धि भी विराजमान है यहां विराजित गणेश जी को चांदी के पैर बनाकर धारण करवाए गए हैं और आने वाले दिनों में साढ़े तीन किलो चांदी से बनी गदा भी गणेश जी को चढ़ाई जाएगी। गुदरी चौराहे पर विराजित गणेश प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है और बड़ी संख्या में शाम होते ही लोग गणेश जी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं और मोबाइल से सेल्फी ले रहे हैं।

## महापौर प्रकरण को लेकर संघ में भाजपा से आंतरिक तौर पर नाराजगी की स्थिति

# संघ की सामाजिक समरसता पर भाजपा का कुठाराघात

## कुलीनों के कुल में कलह से मूल को पहुंच रही चोंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महापौर को वाहन से नीचे उतारने का घटनाक्रम चाहे भाजपा के कार्यक्रम में हुआ हो लेकिन इससे संघ में आंतरिक तौर पर नाराजगी है। इसे संघ की सामाजिक समरसता कार्यक्रम पर भाजपा का कुठाराघात के नजरिए से देखा जा रहा है। इससे कुलीनों के कूल में कलह से मूल को चोंट पहुंच रही है।

सामाजिक समरसता को लेकर संघ मुख्यालय से ही पूरा कार्यक्रम तय है जिसे लेकर संघ प्रमुख भी खुले मंचों से इसके लिए बोल चुके हैं। इसके लिए एक पूरी व्यूह रचना के आधार पर काम किया जा रहा है। जातिवाद को मिटाने के लिए यह कार्य संघ का समाज में बहुत ही पसंद भी किया जा रहा है और उसे समाज के सभी वर्गों का समर्थन भी मिल रहा है। संघ वर्तमान में सामाजिक समरसता के तहत अनेक कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। शहर की बस्तियों में इसके लिए बराबर बस्ती प्रमुखों के साथ समयबद्ध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बस्तियों के लिए प्रमुख तय किए गए हैं और वे बराबर इस समरसता को बनाने के लिए अपने कार्य को घरों तक पहुंच कर अंजाम दे रहे हैं। इन कार्यों में संघ के कार्यकर्ता ऐसी बस्तियों में जा रहे हैं और सामाजिक समरसता की बयार लाने के लिए बराबर प्रयास कर रहे हैं। इसके तहत भोजन से लेकर बौद्धिक का आयोजन तक बस्तियों में हो रहा है।

### भाजपा के कुठाराघात से नाराजगी

उज्जैन शहर में संघ बस्तियों में अपने सामाजिक समरसता के कार्यक्रम को बराबर गति दे रहा है। शहर की बस्तियों में ज्यादातर क्षेत्रों में अजा वर्ग की बस्तियों के बीच इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इससे उनमें विश्वास की एक नई ऊर्जा संचारित की जा रही है और जातिवाद से परे उन्हें अपने साथ शामिल किया जा रहा है। यही वजह है कि जातिवाद के मामलों में शहरी क्षेत्र में बराबर गिरावट बनती जा रही है। हाल ही में भाजपा में महापौर अपमान के मामले से बस्तियों में एक अविश्वास की स्थिति उपजी है। इससे बस्तियों में काम करने वाले संघ कार्यकर्ताओं के लिए भी परेशानी का सबब बनने की स्थिति में है। ऐसे में संघ कार्यकर्ताओं में नाराजगी बनी है लेकिन वे ये भी कहते हैं कि बस्तियों में हम सामाजिकता के एकीकरण का काम कर रहे हैं न कि इनकी राजनैतिक स्थितियों पर ऐसे में हमारा विश्वास खरा है। हम धरातल पर एक-एक व्यक्ति से संबंधों को जोड़ने में लगे हैं। वे ये जरूर मानते हैं कि इस प्रकरण का असर आ सकता है।

### संघ के कई नेता उज्जैन में

खास तो यह है कि यह पूरा मामला ऐसे समय में हुआ है जब संघ प्रमुख उज्जैन यात्रा पर थे और उनकी यात्रा को देखते हुए संघ के मध्य भारत प्रांत एवं मालवा प्रांत के सभी दिग्गज उज्जैन में जूटे हुए थे। ऐसे में भाजपा में हुए इस मामले को लेकर संघ के सामाजिक समरसता की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाले बडे नेताओं में भी नाराजगी की स्थिति देखने की बात सामने आ रही है। वैसे सीधे तौर पर संघ इसमें किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने की स्थितियों से दूरी बनाए हुए हैं।

### बैरवा समाज एकजुट

महापौर अपमान मामले में बैरवा समाज एकजूट नजर आ रहा है। खास यह है कि 22 सितंबर को फूलडोल चल समारोह का आयोजन होने वाला है। शहर में इस पर्व पर समाज बड़े जुलूस का आयोजन करता है। इस दौरान हजारों की संख्या में समाजजन जुटते हैं उससे पूर्व इस तरह का मामला होने की स्थिति में समाजजन वर्तमान में सभी 13 पंचायतों में अपने स्तर पर इसे लेकर उद्वेलित होते दिखाई दे रहे हैं। समाज के कई वरिष्ठ भी इस पूरे प्रकरण से नाराज हैं। संघ के सामाजिक समसरता कार्यक्रम के तहत बस्तियों से जुड़े लोगों एवं कार्यकर्ताओं में इसे लेकर सीधे तौर पर नाराजगी ही देखी जा रही है।

## राधाष्टमी पर महाकाल में सामान्य रही भीड़

# न कम, न ज्यादा-सहजता से हुए बाबा महाकाल के दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राधाष्टमी के पर्व पर शनिवार को बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ सामान्य रही। आम दिनों की तुलना में न तो भीड़ कम दिखाई दी और न ही ज्यादा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही सामान्य रही और दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को विशेष दबाव का सामना नहीं करना पड़ा।

राधाष्टमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर व्यवस्था सामान्य बनी रही। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर आगे बढ़ते रहे और सहजता से दर्शन कर अपने गंतव्य की ओर रवाना होते रहे। पर्व के बावजूद मंदिर में भीड़ का दबाव सामान्य रहने से प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की व्यवस्थाएं भी सुचारु नजर आईं। सुबह से लेकर दिन में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, लेकिन महाकाल मंदिर परिसर में किसी तरह की असामान्य भीड़ अथवा अफरा-तफरी की स्थिति नजर नहीं आई।

# मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने उज्जैन पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए हेलीकॉप्टर से उज्जैन पहुंचे। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष, अध्यक्ष उज्जैन विकास प्राधिकरण, सिंहस्थ प्राधिकरण अध्यक्ष संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी, डीआईजी कलेक्टर एसपी सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी में जे.के. लाइफकेयर सेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड की अत्याधुनिक एपीआई मैन्युफैक्चरिंग इकाई का पट्टिका अनावरण किया साथ ही मेधावी छात्रों को ई स्कूटी वितरित की व सतना में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित किया।

## कहा गया उसे ढूंढो...

# यूपीआई पेमेंट के नाम पर कपड़े लेकर युवक निकला, मोबाइल भी निकला बंद

### शोरूम संचालक ने पहचान बताने की अपील की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

फ्रीगंज स्थित शहीद पार्क के पास पीटर इंग्लैंड मेन्सवियर शोरूम पर यूपीआई पेमेंट के नाम पर कपड़े लेकर बिना भुगतान किए चले जाने का मामला सामने आया है। शोरूम संचालक प्रकाश भार्गव ने बताया कि करीब पांच दिन पहले फोटो में दिखाई दे रहा युवक शोरूम से 1889 रुपए के कपड़े खरीदकर ले गया।

भार्गव के अनुसार युवक ने कपड़ों का भुगतान यूपीआई के माध्यम से करने की बात कही और क्यूआर कोड स्कैन किया।



इसके बाद वह शोरूम के स्टाफ से बातचीत करते हुए बाहर निकल गया। स्टाफ ने जब खाते में भुगतान नहीं पहुंचने की बात कही तो युवक ने बताया कि उसके मोबाइल से राशि कट चुकी है, लेकिन फोन बंद हो जाने के कारण वह पेमेंट का स्क्रीनशॉट नहीं दिखा सकता। उसने स्टाफ से कहा कि कोई परेशानी होने पर उसे फोन कर लेना और इसके बाद वह अपनी गाड़ी से रवाना हो गया। बाद में शोरूम स्टाफ ने बिल में दर्ज मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो नंबर उपयोग में नहीं होने की जानकारी मिली। इसके बाद शोरूम संचालक ने युवक की पहचान के लिए सोशल मीडिया और आम लोगों से मदद की अपील की है।

प्रकाश भार्गव ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति फोटो में दिखाई दे रहे युवक को पहचानता है या उसके बारे में कोई जानकारी रखता है तो शोरूम से संपर्क कर जानकारी साझा करे। सूचना देने के लिए 9630065300 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# बिना रैलिंग के पाले पर चल रहे लोग



### ये अनदेखी कहीं भारी न पड़ जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शिप्रा नदी में बाढ़ की आशंका को देखते हुए वर्षाकाल में पुल व पाले की सुरक्षा के मद्देनजर रैलिंग हटा दी जाती है किन्तु बाढ़ तो बहुत दूर की बात है अभी तो औसत बारिश भी नहीं हो पाई है और तेज धूप के दर्शन प्रतिदिन हो रहे हैं। शिप्रानदी के बड़े पुल के समीप बने पाले की रैलिंग न होने पर भी प्रतिदिन लोगों का आवागमन बदस्तूर जारी है। ये खतरे के खिलाड़ी जान की परवाह किए बिना इस संकरे पाले पर आते जाते नजर आ रहे हैं जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। प्रशासन को पाले पर आवाजाही रोकना चाहिए या शीघ्र रैलिंग लगवा देना चाहिए।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 21 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 13.52 करोड़ की लागत से सुधरेगा भोपाल में रेलवे ट्रैक

**भोपाल।** भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन को बेहतर करने के लिए रेलवे चौका-मिडघाट सेक्शन में गडरिया पुल के गर्डर बदलेगा। इस काम पर 13 करोड़ 52 लाख 64 हजार 710 रुपए खर्च किए जाएंगे। रेलवे ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। काम का मुख्य उद्देश्य गडरिया पुल के कारण डबल स्टैक डबल कंटेनर ट्रेनों की आवाजाही में आ रही रुकावट को दूर करना है। इससे इस सेक्शन में ट्रेनों के संचालन को बेहतर करने में मदद मिलेगी। गडरिया पुल के गर्डर बदलने के बाद इस हिस्से में ट्रेनों की आवाजाही से जुड़ी मौजूदा बाधा दूर करने में मदद मिलेगी।

### इंदौर के गांवों में कचरा बनेगा कमाई का जरिया

**इंदौर।** ग्रामीण क्षेत्रों में अब पन्नी और रेपर का कचरा पंचायतों के लिए बोझ नहीं, बल्कि आय का जरिया बनेगा। जिले के 610 से अधिक गांवों में कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए 56 क्लस्टर बनाए जा रहे हैं। इन क्लस्टरों में एजेंसी आधारित सफाई व्यवस्था लागू की जाएगी। घर-घर से एकत्रित सूखे कचरे में से पन्नी और रेपर को अलग कर ग्राम बांक और काली बिल्लोद स्थित सेग्रीगेशन सेंटरों पर पहुंचाया जाएगा। यहां मशीनों के माध्यम से प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर प्लास्टिक सीट तैयार होगी, जिसे प्लास्टिक उद्योगों को बेचा जाएगा। दरअसल अभी तक पन्नी और रेपर जैसे कचरे को उठवाने और निपटाने के लिए पंचायतों को राशि खर्च करनी पड़ती थी। नई व्यवस्था में इसी कचरे से आय अर्जित करने की तैयारी है। इससे एक ओर पंचायतों पर आर्थिक भार कम होगा।

### स्कूटी वितरण: इंदौर में 147 विद्यार्थियों को मिला लाभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने को प्रदेश के 7,400 मेधावी विद्यार्थियों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत स्कूटी का ऑनलाइन वितरण किया। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन विद्यार्थियों को दी गई स्कूटी से उनकी उच्च शिक्षा की राह आसान होगी। साथ ही, कॉलेज आने-जाने में भी विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी। इंदौर जिले में 147 मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी का लाभ मिला। स्कूटी वितरण का जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक महेंद्र हार्डिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंत्री सिलावट ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध




**इंदौर।** संगीत मूर्धन्य पं. विष्णु नारायण भातखण्डे की पुण्यतिथि के अवसर पर स्मृति प्रसंग समारोह-2026 का आयोजन संस्कृति विभाग, भोपाल के तत्वावधान में लता मंगेशकर शासकीय संगीत महाविद्यालय, इंदौर द्वारा संतोष सभागृह में किया गया। समारोह में शास्त्रीय संगीत की विविध प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पं. विष्णु नारायण भातखण्डे स्तुति गान से हुआ। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत इस वंदना एवं स्तुति गान का निर्देशन डॉ. ऋतु सक्सेना ने किया। इसके उपरांत कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति के रूप में श्री रवि दंदेलिया ने वायलिन वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने राग रागेश्री में विलंबित एवं मध्यलय की गतें तीनताल में प्रस्तुत कीं। उनके वायलिन वादन में माधुर्य, ठहराव और मीड़ की कोमलता ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। तबले पर गांधार राजहंस ने सधी हुई संगत की। कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति दिल्ली से पधारीं डॉ. रिक्षाना रहस्य के शास्त्रीय गायन की रही। उन्होंने अपने गायन का आरंभ राग यमन से किया। एकताल विलंबित में ह्यमेरा मन बांध लीनो रेह्न की प्रस्तुति के बाद तीनताल मध्यलय में रचना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात द्रुत एकताल में ह्यआई रे मिलन तोहेह्न की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने राग पीलू में झूला धीरे से झुलाओ गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। उनके साथ तबले पर अनूप पवार एवं संवादिनी पर रवि किल्लेदार ने प्रभावी संगत की।

## नैनो न्यूज

- **देवास** – जंगल में जुआ खेलते 12 गिरफ्तार- बैरागढ़ वन चौकी के पास जंगल में पुलिस ने जुआ फड़ पर दबिश देकर 12 लोगों को पकड़ा। मौके से 5.5 लाख रुपए जब्त किए गए।
- **सुसनेर : दूध विक्रेताओं की हड़ताल जारी-** सुसनेर में दूध विक्रेता खरीद दर 60 से बढ़ाकर 100 रुपए लीटर करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।
- **शाजापुर : आज बारिश की संभावना-** मौसम विभाग ने शाजापुर में 20 सितंबर को आंशिक बादल छाने और हल्की बारिश या गरज-चमक की संभावना जताई है।
- **आगर : नाले में कार बहने से आठ मौतें-** नलखेड़ा के पास बारिश से उफने नाले में कार बहने से सात पर्यटकों और चालक समेत आठ लोगों की मौत हुई।
- **रतलाम : एक्सप्रेस-वे पर फिर पथराव-** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रात में कई वाहनों पर पथराव हुआ। घटना में दो यात्री घायल हुए और वाहनों के शीशे टूटे।
- **मंदसौर : संपत्ति विवाद में हत्या का आरोप-** मंदसौर में 30 लाख रुपए के मकान संबंधी विवाद में 32 वर्षीय युवक की हत्या के आरोप में पत्नी और साले को गिरफ्तार किया गया।

इंदौर में राहुल ने छात्रों के बीच सिस्टम के तूफान पर चलाई अपने प्रश्नों की आंधिया

# मंच पर अलग अलग जिलों से आए छात्रों ने खुलकर रखी अपनी व्यथाएं

## राहुल गांधी ने अपने भाषण में दावा किया कि देश के सिस्टम में अलग-अलग स्तर हैं और हर स्तर पर सिस्टम ने अपना एक आदमी बैठा रखा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

राहुल गांधी ने कहा कि आज हम सिस्टम Vs छात्र के मुद्दे पर बात करेंगे कि ये सिस्टम क्या है, छात्र क्या होता है और छात्रों को सिस्टम कैसे दबा रहा है। कैसे छात्रों के भविष्य को सिस्टम चुनौती दे रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत में राहुल गांधी ने कहा, कि आज हम सिस्टम बनाम छात्र के मुद्दे पर बात करेंगे कि ये सिस्टम क्या है, जिसके बारे में सभी छात्र बोलते हैं, कहते हैं. छात्र क्या होता है और छात्रों को सिस्टम कैसे दबा रहा है. कैसे छात्रों के भविष्य को सिस्टम चुनौती दे रहा है- आज हम इस विषय पर बात करेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि देश के पूरे सिस्टम पर कुछ लोगों का कब्जा है। राहुल गांधी ने अपने भाषण में दावा किया कि देश के सिस्टम में अलग-अलग स्तर हैं और हर स्तर पर सिस्टम ने अपना एक आदमी बैठा रखा है। देश का सिस्टम कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में केंद्रित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, ठरअ अजीत डोभाल, फ्रर प्रमुख मोहन भागवत नाम लिया। उन्होंने अजीत डोभाल को लेकर कहा कि सूचना तंत्र और फोन पर उनका नियंत्रण है और टिप्पणी की कि डोभाल फोन के अंदर बैठे हैं। राहुल गांधी ने फोन टैपिंग को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा, छात्रों का दूसरा गुण- मोहब्बत छात्र नफरत नहीं करते हैं। छात्र एक-दूसरे से प्यार से बर्ताव करते हैं, एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। तीसरा गुण- विनम्रता जो सवाल पूछता है, सवाल का जवाब ढूंढता है, उसमें अहंकार हो ही नहीं सकता है।

### सिस्टम को छात्र नहीं, अंधभक्त चाहिए

राहुल गांधी ने छात्रों और अंधभक्तों के बीच तुलना करते हुए कहा कि छात्र सवाल पूछते हैं, जबकि उनके अनुसार अंधभक्त सवाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि छात्र प्रेम और सम्मान की बात करते हैं, जबकि अंधभक्त नफरत फैलाते हैं. छात्र विनम्र होते हैं, जबकि अंधभक्त अहंकार से भरे होते हैं। राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि अंधभक्त महिलाओं का अपमान करते हैं, जबकि छात्रों को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। राहुल गांधी ने कार्यक्रम में दिखाए गए एक वीडियो का जिक्र करते हुए पेपर लीक और हॉस्टल हादसों का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि सवाल यह होना चाहिए कि पेपर लीक क्यों हो रहे हैं, हॉस्टल क्यों गिर रहे हैं और छात्रों की जान क्यों जा रही है। दिल्ली में हाल ही में ढक्क़बिल्डिंग हादसे में सात छात्रों की मौत का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश में सिर्फ 14 प्रतिशत छात्रों को हॉस्टल की सुविधा मिल रही है।

**पेपर लीक और हॉस्टल हादसे पर सवाल**

### शिक्षा कोई लग्जरी या एहसान नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि किंडरगार्टन से लेकर विश्वविद्यालय तक छात्रों को शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के दौरान शिक्षा का बजट 4.6 प्रतिशत था, जो अब 2.6 प्रतिशत रह गया है. उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में 1.5 करोड़ छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित किया गया, करीब एक लाख स्कूल बंद हुए और शिक्षकों के करीब 10 लाख पद खाली हैं। इंदौर कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने दिल्ली के पीजी हादसे में जान गंवाने वाले 18 वर्षीय छात्र अर्पित के दादा, पिता और बहन से मुलाकात की। कार्यक्रम की शुरूआत में राहुल गांधी ने कहा, ह्यछात्र क्या होता है? यह समझने की बात है कि छात्र भारत का भविष्य है। छात्रों के बिना कोई भी देश मजबूत नहीं बन सकता है और छात्र के भीतर अलग-अलग गुण होते हैं। छात्र का पहला बड़ा गुण- उनकी जिज्ञासा होती है. उनकी कुछ भी जानने की इच्छा और सवाल पूछने की इच्छा होती है. छात्र प्राकृतिक रूप से जिज्ञासु होते हैं, सवाल पूछते हैं।अलग-अलग विषयों पर सवाल पूछते हैं।

नलखेडा में मृतकों के शव विशेष एंबुलेंस से उडीसा टीम के साथ भेजे गए

# इंदौर से रेफ्रिजरेटेड एंबुलेंस बुलवाकर रवाना किए

## एक राजस्व निरीक्षक के साथ टीम शनिवार रात्रि में उडीसा के लिए वाहन सहित रवाना हुई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शुक्रवार देर रात नलखेडा दर्शन कर लौट रहे उडीसा के एक ही परिवार के सात सदस्य एवं किराए की कार का चालक बरसाती नाले में कार सहित बह गए थे। दुर्घटना में कार सवार सभी 8लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों के शव शनिवार रात को इंदौर से विशेष रेफ्रिजरेटेड एंबुलेंस के माध्यम से उडीसा के खोरदा जिला भेजे गए हैं। शवों के साथ जिला प्रशासन की टीम भी गई है। एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सभी मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों तक सम्मानजनक रूप से पहुँचाने के लिए इंदौर से विशेष रेफ्रिजरेटेड एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए ओडिशा के लिए रवाना किया गया है। मृतकों के पार्थिव शरीर को ससम्मान लेकर जिले से एक राजस्व निरीक्षक एवं टीम,मय एंबुलेंस के माध्यम से गत रात्रि में उड़ीसा के लिए रवाना कर की गई है।

जिले के नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर के समीप बरसाती नाले में अतिवृष्टि के कारण तेज बहाव में मारुति एस-प्रेसो वाहन क्रमांक एमपी 13 एएफ 7135 के बह जाने से हुई दुर्घटना में कुल 08 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। इनमें से 07 मृतक ओडिशा राज्य के खोरदा जिले के निवासी थे, जो कि माँ बगलामुखी के दर्शन के लिए यहां आए थे। 01 मृतक वाहन चालक तहसील बड़ौद, जिला आगर-मालवा का स्थानीय निवासी था। ओडिशा के मृतकों में राधा रानी बेहेरा, ज्ञानेन्द्र कुमार बेहेरा, श्रीमती रीता रानी बेहेरा, शिवप्रसाद बेहेरा, कृष्णा राजवीर, शाहिरा स्वंयप्रभा एवं वी. साई स्वास्तिक सभी निवासी जिला खोरदा, भुवनेश्वर (ओडिशा) के थे।

## इंदौर में एक खाते से 10 राज्यों में 26 साइबर ठगी की शिकायत

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

साइबर ठगों के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले नेटवर्क पर क्राइम ब्रांच ने आपरेशन मैट्रिक्स-2 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने खाता सप्लाई करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके बैंक आफ इंडिया की कस्तूरबा शाखा के एक ही खाते के खिलाफ देश के 10 राज्यों में 26 साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज मिली हैं। एडिशनल डीसीपी( अपराध) राजेश दंडोतिया के अनुसार राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के आधार पर क्क्षसी,एनसीआरपी और साइबर क्राइम पोर्टल पर इस खाते की पड़ताल की गई। बैंक से खाते की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने खाताधारक से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार तनिश ने स्वीकार किया कि खाते में आने वाली रकम का कुछ हिस्सा परिजनों के खातों में ट्रांसफर करता था, जबकि बाकी रकम एटीएम से निकालकर अन्य गिरोह में शामिल लोगों को उपलब्ध कराता था। जांच में खाते से जुड़ी 26 शिकायतें मिली हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, असम, बिहार, गुजरात और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। पुलिस के अनुसार अलग-अलग राज्यों में दर्ज साइबर ठगी की शिकायतों से जुड़ी रकम इस खाते के जरिए ट्रांसफर होने के तथ्य मिले हैं।

## इंदौर से उठी छात्रों की गूंज अब हर जिले में गूंजेगी!

### जीतू पटवारी का ऐलान, कांग्रेस का प्रदेशभर में कार्यक्रमों का प्लान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

राहुल गांधी के कार्यक्रम से उत्साहित कांग्रेस का बड़ा दावा, छात्रों के मुद्दों को लेकर अब जिलों में पहुंचेगी गूंज; दिल्ली यूनिवर्सिटी के नतीजों पर सवाल हुआ तो पटवारी बोले- बच्चों और अभिभावकों की लड़ाई है! इंदौर। शहर में आयोजित ह्यछात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम के बाद कांग्रेस ने अब अपनी मुहिम को पूरे मध्य प्रदेश में ले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ऐलान किया कि इंदौर में आयोजित कार्यक्रम के साथ छात्रों की आवाज खत्म नहीं हुई है, बल्कि अब प्रदेश के हर जिले में इसकी गूंज सुनाई देगी। कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षा से जुड़े जिन मुद्दों को उठाया, वे अब जनता के मुद्दे बन रहे हैं। जीतू पटवारी ने कहा कि ह्यछात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम समाप्त नहीं होगा, बल्कि इसे प्रदेश के अलग-अलग जिलों तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था और उनसे जुड़े मुद्दों को जनता के बीच रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पहल का मकसद किसी का अपमान करना नहीं, बल्कि छात्रों की आवाज को मजबूती से सामने लाना है।

पदोन्नति पर फिर जांच: 15 से ज्यादा डीएसपी हो सकते हैं पदावनत

# पीएचक्यू खंगालेगा 250 अफसरों के रिकॉर्ड

### समान नाम के कारण सूची में शामिल हुए तीन अफसर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश पुलिस में लंबे इंतजार के बाद हुई पदोन्नतियों के बीच अब डीएसपी स्तर पर भी पात्रता की दोबारा जांच की तैयारी शुरू हो गई है। विभागीय पदोन्नति समितिके जरिए निरीक्षक से डीएसपी बनाए गए करीब 250 अधिकारियों के रिकॉर्ड फिर से खंगाले जाएंगे। प्रारंभिक जांच में सामने आई पात्रता संबंधी गड़बड़ियों के आधार पर 15 से अधिक डीएसपी के पदावनत होने की संभावना जताई जा रही है। यदि पद रिक्त होते हैं तो पात्र निरीक्षकों को डीएसपी बनने का अवसर मिल सकता है।

रिव्यू डीपीसी की जरूरत सामने आने की एक वजह पदोन्नति सूची में हुई पहचान संबंधी गड़बड़ी भी बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, तीन ऐसे अधिकारी सामने आए हैं, जो समान नाम के कारण पदोन्नति सूची में शामिल हो गए। इसके अलावा कुछ अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच लंबित है, जबकि कुछ अन्य निर्धारित पदोन्नति शर्तें पूरी नहीं करते हैं। संबंधित इकाइयों से मिली जानकारी के आधार पर इन मामलों की अब दोबारा समीक्षा की जा रही है।

### पुलिस मुख्यालय ने मांगी थी पूरी जानकारी

डीएसपी पद पर पदोन्नति के बाद पुलिस मुख्यालय ने सभी संबंधित इकाइयों से अधिकारियों के खिलाफ लंबित विभागीय जांच, विभागीय दंड, न्यायालयीन प्रकरण और अन्य पात्रता संबंधी जानकारी मांगी थी। इसी प्रक्रिया में कुछ ऐसे मामले सामने आए, जिनमें पदोन्नति की पात्रता पर पुनर्विचार की जरूरत महसूस हुई। अब रिव्यू डीपीसी के जरिए संबंधित अधिकारियों के रिकॉर्ड की दोबारा जांच किए जाने की तैयारी है।

### पहले भी निरस्त हो चुकी हैं 150 से ज्यादा पदोन्नतियां

पुलिस मुख्यालय इससे पहले भी विभिन्न संवर्गों की पदोन्नतियों की समीक्षा कर चुका है। विभागीय जांच, दंड, न्यायालयीन प्रकरण अथवा अन्य पात्रता संबंधी कारणों से 150 से अधिक उप निरीक्षकों और निरीक्षकों की पदोन्नतियां निरस्त की जा चुकी हैं। हाल की एक समीक्षा में 83 उप निरीक्षकों और 78 निरीक्षकों की पदोन्नति निरस्त किए जाने की रिपोर्ट भी सामने आई थी।

## पहली बार इंदौर आएंगे भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमांग

### सेवा संकल्प यात्रा के साथ जिला भाजपा के कार्यक्रम में होंगे

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात के वड़नगर से वाराणसी तक निकाली जा रही बाइक यात्रा रविवार को बेटमा पहुंचेगी। यात्रा का रात्रि विश्राम ग्रैंड माचल में होगा।

इस यात्रा की खास बात यह है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमांग जोशी पहली बार इंदौर जिले में पहुंचेंगे। वे यात्रा के साथ बेटमा आएंगे और रात्रि विश्राम के बाद भाजपा इंदौर ग्रामीण जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष की मौजूदगी को लेकर भाजपा और युवा मोर्चा कार्यकताओं में खासा उत्साह है।

यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा एवं भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर बेटमा पहुंचे और ग्रैंड माचल में ठहरने, भोजन एवं स्वागत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता गुमान सिंह पंवार, जिला उपाध्यक्ष पवन पटेल, संतोष पाटीदार, मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, विकास ठाकुर सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी मौजूद रहे।


पोस्ट की शुरूआत आभार! और दोनों हाथ उठाकर जोरदार अभिनंदन से की

# दिग्विजय सिंह बोले- विरोधियों ने ही राहुल के कार्यक्रम को बना दिया सुपरहिट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल/इंदौर**

राहुल गांधी के इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की एक पोस्ट चर्चा में है। दिग्विजय सिंह ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कार्यक्रम की सफलता का श्रेय उन लोगों और संस्थाओं को दिया, जिनके फैसलों और बयानों से कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक माहौल बना। उन्होंने पोस्ट की शुरूआत आभार! और दोनों हाथ उठाकर जोरदार अभिनंदन! से की।

दिग्विजय सिंह ने सबसे पहले नगर निगम और जिला प्रशासन का उल्लेख करते हुए लिखा कि नेहरू स्टेडियम की अनुमति खारिज किए जाने से कांग्रेस को रीजनल पार्क के सामने खुले मैदान में कार्यक्रम करने का अवसर मिला। राहुल गांधी का कार्यक्रम अंततः रीजनल पार्क के सामने आईडीए की जमीन पर हुआ। इस जमीन के तीन दिन के अस्थायी उपयोग के लिए कांग्रेस ने 10.08 लाख रुपये जमा किए थे। बाद में निर्धारित अवधि से पहले जमीन के उपयोग को लेकर आईडीए ने करीब 4.03 लाख रुपये अतिरिक्त जमा करने को कहा, जिसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी हुए।



### इंदौर पुलिस द्वारा कार्यक्रम के लिए रखी गई 31 सुरक्षा शर्तों का भी जिक्र

दिग्विजय सिंह ने कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने विजयवर्गीय के कार्यक्रम को लेकर दिए गए बयानों का जिक्र करते हुए लिखा कि इन बयानों से कार्यक्रम को व्यापक प्रचार मिला। इसी तरह भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा द्वारा कार्यक्रम को लेकर रखी गई कुछ शर्तों का भी उन्होंने व्यंग्यात्मक उल्लेख किया।

पोस्ट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी दिग्विजय सिंह ने निशाने पर लिया। उन्होंने लिखा कि मुख्यमंत्री के बयानों से कार्यक्रम को लेकर चर्चा और बढ़ी तथा राहुल गांधी के इंदौर आने का मुद्दा सुर्खियों में रहा।

दिग्विजय सिंह ने आईडीए की जमीन के लिए जमा कराई गई राशि का भी उल्लेख करते हुए लिखा कि 12 हजार वर्गमीटर जमीन के तीन दिन के उपयोग के लिए 10.08 लाख रुपये जमा कराना पड़ा। यह राशि आईडीए द्वारा निर्धारित अस्थायी लीज शुल्क के रूप में ली गई थी।

पोस्ट में इंदौर पुलिस द्वारा कार्यक्रम के लिए रखी गई 31 सुरक्षा शर्तों का भी जिक्र है। पुलिस ने इन शर्तों को सुरक्षा व्यवस्था से जोड़ते हुए लागू किया था और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या तथा वर्मा आयोग की सिफारिशों का संदर्भ भी सामने आया था।

**पोस्ट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी दिग्विजय सिंह ने निशाने पर लिया**

### झूठ की गूंज पोस्टरों को लेकर भी तंज कसा

दिग्विजय सिंह ने रात में लगाए गए झूठ की गूंज पोस्टरों को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने लिखा कि इन पोस्टरों ने कार्यक्रम को लेकर शहर में पहले से ही माहौल बना दिया। हालांकि इन पोस्टरों को किसने लगाया, इसकी पुष्टि उनकी पोस्ट में भी नहीं की गई है।



दिग्विजय सिंह ने अंत में व्यंग्य करते हुए लिखा कि यदि प्रशासनिक अड़चनें, नेताओं के बयान, शुल्क और पोस्टर जैसी घटनाएं नहीं होतीं तो कार्यक्रम भी सामान्य आयोजनों की तरह आता-जाता। उनके अनुसार इन घटनाक्रमों ने मिलकर कार्यक्रम को इतना चर्चित बना दिया कि विरोधी खेमे के लोग भी अप्रत्यक्ष रूप से उसके प्रचार में योगदान देते नजर आए।

राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम 19 सितंबर को इंदौर में हुआ, जिसमें शिक्षा, भर्ती, बेरोजगारी और प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर छात्रों से संवाद किया गया। कार्यक्रम से पहले स्थल और अनुमति को लेकर कांग्रेस तथा भाजपा के बीच राजनीतिक बयानबाजी भी हुई थी।

न्यूज कालम



## केबीनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने आदर्श आवासीय विद्या. आम्बुआ का निरीक्षण किया

**अलीराजपुर।** केबीनेट मंत्री नागरसिंह चौहान,द्वारा आज बालक एवं बालिका एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, आम्बुआ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री जी ने विद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक सुविधाओं, छात्रावास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या एवं विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। माननीय मंत्री जी ने विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर आवासीय वातावरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही विद्यार्थियों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर देना सरकार की प्राथमिकता है। विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता, नुक्कड़ नाटक, रंगोली और चित्रकला का आयोजन



**बुरहानपुर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खकनार में च्मेरे सपनों का भारतज् एवं च्विकसित भारत-2047 थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से अभियान से जुड़ने और जनभागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया। पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल नेपानगर में नशामुक्त अभियान एवं विकसित भारत-2047 की थीम पर नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। माध्यमिक शाला सिरसोदा में भी विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर अभियान में सहभागिता की। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया और स्वच्छता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं विकसित भारत के संकल्प का संदेश दिया।

## भादवा की राधा अष्टमी पर छड़ीदार परिवार के यहां हुआ भजन सत्संग का आयोजन



**अलीराजपुर।** प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी भादोपक्ष की राधा अष्टमी को रामदेव मन्दिर के छड़ीदार सुनील चौहान के परिवार में भजन कीर्तन सत्संग का आयोजन किया गया, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री नरसिंहानन्द जी बापूजी द्वारा स्थापित स्थानीय रामदेव मन्दिर से जुड़े भक्तो के यहाँ भजनों का आयोजन प्रतिवर्ष होते आ रहा है, यह परम्परा पिछले 77 वर्षो से अधिक समय से चली आ रही है, एकम से भजनों की शुरूआत होकर नवमी तक नो दिन प्रतिदिन भक्तो के यहाँ भजनों का आयोजन होता है, रामदेव मन्दिर के पुजारी व भक्त मन्दिर से बापू नरसिंहानंद के फोटो को भक्तो के घर ले जाकर गादी पर स्थापित करते है, साथ ही रामदेव भगवान के प्रतिमा को भी पाठ पर स्थापित करते है, छडीदार परिवार के सदस्य वीरेंद्र सिंह चौहान व कृष्णा चौहान ने मन्दिर से पधारे सभी भक्तो का स्वागत किया गया, भगवान रामदेव जी व नरसिंहानन्द बापूजी की पूजा अर्चना परिवार के सदस्य मंजुला बेन, कल्पना बेन, सीता बेन, अंजली बेन, पायल बेन, लक्ष्मी बेन, राहुल, राजेश्वरी बेन, मोहिनी बेन, मनवित, रिधान, निर्विका, रिंकेश तंवर, सतेंद्र चावड़ा, धर्मेंद्र, संजय वाघेला, साधना वाघेला आदि सदस्यों ने की, भजन कीर्तन में रामदेव मंदिर के अलावा, राजपूत समाज के सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

## ओंकारेश्वर में सट्टे पर पुलिस की कार्रवाई, 820 रुपए नगद बरामद

**खंडवा।** मांधाता थाना पुलिस ने ओंकारेश्वर के बालवाड़ी क्षेत्र में सट्टे के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लिखते पकड़ा और उसके कब्जे से 820 रुपए नगद, आठ सट्टा अंक पर्चियां, लीड पेन तथा कार्बन का टुकड़ा जब्त किया। मामले में धारा ४-क ध्रुत अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## रामनगर में मारपीट का मामला दर्ज

**खंडवा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के रामनगर में पन्नी बीनने की बात को लेकर विवाद हो गया। फरियादी के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए बीयर की बोतल से मारकर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## जसवाड़ी रोड पर विवाद में मारपीट

**खंडवा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बजरंग बली मंदिर के पास विवाद के दौरान एक व्यक्ति के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया। रिपोर्ट के अनुसार फरियादी ने एक महिला को एक लड़के के साथ मारपीट करने से रोका था, जिसके बाद विवाद हुआ।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत

# भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रमोद रावल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान युवाओं में राष्ट्र के प्रति सेवा भाव जागृत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने हेतु शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

राजेश शर्मा ने 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सेवा संकल्प अभियान २०२६ के महत्व पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

विशेष अतिथि पार्षद शिवेन्द्र माथुर ने युवाओं को विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी ने सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत एक माह तक आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि १७ सितंबर के विशेष अवसर पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन न केवल महाविद्यालय में, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी ने अपने घर पर दीया जलाकर इसमें सहभागिता की।

प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. मंजुला एलान्से एवं प्राध्यापक संघ की अध्यक्ष डॉ. आभा सक्सेना ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता मैं गोपाल धनगर प्रथम , रानू जैन द्वितीय एवं दिव्या कुमावत करती रही ।चित्रकला प्रतियोगिता में भूमिका पाटीदार प्रथम ,उर्मिला दिव्तीय एवं सोनाक्षी कंडारे तृतीय रही। ये सभी विजेता विद्यार्थी दिनांक 25 एवं 26 सितंबर को रतलाम में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्याम लाल चौधरी ने किया तथा आभार रेनू का नामदेव ने माना।



## जबरन कालोनी में चोरी करने वाले आरोपी पुलिस थाना कोतवाली की गिरफ्त में

**अलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक रघुवंशसिंह ने बताया कि फरियादी शाहबाज उद्दीन पिता सलीम उद्दीन मकरानी उआलीराजपुर द्वारा थाना कोतवाली पर रिपोर्ट किया कि मनावर में शादी का कार्यक्रम होने से परिवार सहित शादी मे शामिल होने के लिये चले गये थे । आज सुबह करीबन 8.30 बजे के आसपास मेरे पडोसी असलम मनीहार ने फोन कर बताया कि तुम्हारे घर के मेन गेट का नकुचा टुटा हुआ तो मैं घर पर आया व देखा तो घर की अलमारी का ताला टुटा हुआ था व आलमारी में रखे सामान को चेक किया तो आलमारी में रखे पुराने इस्तेमाली चांदी व सोने के जेवर नही मिले फिर मैने चांदी व सोने की जेवरात व नगदी रुपये की तलाश आसपास किया लेकिन कोई पता नही चला मेरे घर मे रखे सोने व चांदी के जेवरात व नगदी रुपये कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर लेकर चले गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति उमठ बघेल व एसडीओपी आलीराजपुर डॉ. शक्तिसिंह चौहान के निर्देशन में आरोपी की धरपकड हेतु टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान पुलिस कैमरों का बारिकी से अवलोकन कर एवं मुखबिर सूचना पर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से सामान भी बरामद किया गया।

## 90 लाख की लागत से बनने वाली सड़कों का विधायक अर्चना चिटनिस ने किया भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



इंदिरा नगर वार्ड के लक्ष्मी नगर, ब्रह्मशक्ति नगर एवं गांधी नगर में बेहतर सड़क सुविधा के लिए ९० लाख रुपए की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक अर्चना चिटनिस ने किया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को मजबूत एवं व्यवस्थित सड़क के साथ सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधा सीधे नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़ी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुरूप सड़क निर्माण सहित बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही प्राथमिकता है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

भूमिपूजन अवसर पर पूर्व विधायक रामदास शिवहरे, महापौर माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, पार्षद संध्या शिवहरे, चिंतामन महाजन, बलराज नावानी, हिरालाल बड़गुजर, संभाजीराव सगरे, रुद्रेश्वर एंडोले, धनराज महाजन, आशीष शुक्ला, हेमेंद्र महाजन, गौरव शुक्ला, शिवकुमार पासी, प्रभाकर चौधरी, रवि काकड़े, चिंटू राठौर, अक्षय मोरे, सुमित वारुडे, भरत रावल एवं गौरव शिवहरे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## गोराड़िया में फिर दिखा तेंदुआ, सीमेंट के पाइप में बैठा मिला, वन विभाग ने बढ़ाई गश्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



नावरा रेंज के गोराड़िया गांव और आसपास के इलाके में एक बार फिर तेंदुए का मूवमेंट सामने आया है। शुक्रवार शाम तेंदुआ नाले के पास सीमेंट के पाइप में बैठा दिखाई दिया। उसकी तस्वीर सामने आने के बाद वन विभाग ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है। तेंदुआ दिखाई देने की सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने इलाके में तलाश शुरू कर दी। रात में गांव में मुनादी कराकर लोगों को सावधान रहने के लिए कहा गया। टीम दिन-रात इलाके में गश्त कर तेंदुए की तलाश कर रही है।

नावरा रेंजर पुष्पेंद्र जादौन ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की अनुमति मांगी है। विभाग से सोमवार तक अनुमति मिलने की संभावना है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

करीब 15 दिन पहले भी गोराड़िया गांव में ग्रामीणों ने तेंदुआ देखा था। उस समय वन विभाग की टीम गांव पहुंची थी और लोगों को सावधानी बरतने की समझाइश दी थी। ग्रामीणों से कहा गया था कि दिन में खेत जाते समय चार से अधिक लोग साथ जाएं और रात में अकेले घर से बाहर न निकलें। अब दोबारा तेंदुआ दिखाई देने के बाद वन विभाग ने सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए हैं।

वन विभाग ने ग्रामीणों से कहा है कि खेत और जंगल की ओर अकेले न जाएं। कम से कम 3-4 लोगों के समूह में ही जाएं। बच्चों और पालतू पशुओं को अकेला न छोड़ें। रात में जंगल या उन स्थानों पर जाने से बचें, जहां जंगली जानवरों की मौजूदगी देखी गई है। ग्रामीणों को खुले में सोने के बजाय घर के अंदर सोने और मवेशियों को सुरक्षित बाड़े में रखने की सलाह दी गई है। खेतों और पशुओं के बाड़े के आसपास रात में आग जलाकर रखने के लिए भी कहा गया है।

वन विभाग ने अपील की है कि किसी जंगली जानवर को नुकसान न पहुंचाएं।



## नेपानगर के हिलटॉप में दिनदहाड़े चोरी का पर्दाफाश,लाखों की चोरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

शहर के पॉश इलाके कहे जाने वाले हिलटॉप एरिया में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सूने मकान का ताला काटकर चोर सोने-चांदी के आभूषण और नगदी समेट ले गए। दिनदहाड़े हुई इस चोरी से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मकान को निशाना बनाया। मकान मालिक दोपहर करीब २ बजे जब घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला कटा हुआ मिला। अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अलमारी खुली पड़ी थी, सारा सामान बिखरा हुआ था। परिजनों ने बताया कि चोर घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकद राशि ले गए हैं। सूचना मिलते ही नेपानगर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस वारदात के बाद हिलटॉप एरिया के रहवासियों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## 6 अक्टूबर को 19 वर्ष तक के बच्चो को खिलाई जायेगी कृमिनाशक एल्बेण्डाजॉल गोली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस ६ अक्टूबर को मनाया जायेगा, और इस दिन 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलायी जायेगी। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी जुगतावत ने बताया कि ६ अक्टूबर को छूटे हुए बच्चो को ९ अक्टूबर को मॉपअप राउंड में यह गोली खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली और 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली चबाकर पानी के साथ खिलाई जायेगी। साथ ही २० से ४९ वर्ष की ऐसी महिलाओ को, जो कि गभर्वती एवं धात्री नही है उन्हें भी आंगनवाड़ी केन्द्र पर गोली खिलाई जावेगी।

कृमि होने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। यह कृमि कई कारणों से बच्चे के पेट में पहुंच सकते है, जैसे कि नंगे पैर खेलने, बिना हाथ धोये खाना खाने, खुले में शौच करने, साफ-सफाई न रखने से होते है और कृमि होने से खून की कमी (एनीमिया) कुपोषण, भूख न लगना थकान और बेचैनी, पेट में दर्द, उल्टी और दस्त आना, मल से खून आना, आदि हानिकारक प्रभाव पड़ते है। बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाने से कई तरह के लाभ होते जैसे खून की कमी में सुधार आना, बेहतर पोषण स्तर में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है।



## गणेश उत्सव एवं विसर्जन की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर द्वारा थाना पंधाना पहुंचकर गणेश उत्सव एवं आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर विभिन्न स्तरों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने झांकी आयोजकों की बैठक लेने के साथ-साथ विसर्जन जुलूस मार्ग एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

झांकी आयोजकों को निर्धारित मार्ग एवं समय का पालन करने, जुलूस में अनुशासन बनाए रखने, निर्धारित क्षमता से अधिक व्यक्तियों को वाहन/झांकी पर नहीं बैठाने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित नियमों के अनुसार उपयोग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की विवादित गतिविधि से बचने एवं सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने हेतु कहा गया। कस्बा पंधाना में निकलने वाले गणेश विसर्जन जुलूस के निर्धारित मार्ग का भ्रमण कर मार्ग की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। जुलूस के दौरान यातायात सुचारू बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण एवं आवश्यक बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

## बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत

**खंडवा।** धनगांव थाना क्षेत्र के ग्राम तलवड़िया में मोटरसाइकिल की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मोटर साइकिल के चालक ने वाहन तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए मृतक लक्ष्मीनारायण गुर्जर की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में आई चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**खंडवा।** जावर थाना क्षेत्र के ग्राम केहलारी में नायरा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस के अनुसार अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए लाला पवार को टक्कर मार दी। घायल का उपचार कराया गया और पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू की।

## लियो क्लब ने मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को प्रोत्साहन देने वाली समितियों का सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

गणेश उत्सव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा के साथ पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से लियो क्लब खंडवा द्वारा मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करने वाली विभिन्न गणेश उत्सव समितियों का सम्मान किया गया।नारायण बाहेती ने बताया कि लियो क्लब की इस विशेष पहल के अंतर्गत माता चौक गणेश पंडाल, पंजाबी कॉलोनी ,श्री कृष्णा ग्रुप गणेश पंडाल, ओम साईं राम ग्रुप, इंदिरा चौक गणेश पंडाल, बुधवारा गणेश पंडाल, रामकृष्णगंज गणेश पंडाल सहित शहर के विभिन्न गणेश पंडालों को मिट्टी से बनी प्रतिमाओं को स्थापित करने हेतु सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लियो क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक और अनुकरणीय पहल है। ऐसी प्रतिमाएं विसर्जन के बाद प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाती हैं, जिससे जल स्त्रोतों पर प्रदूषण का प्रभाव कम करने में मदद मिलती है। धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाना समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

इस अवसर पर लियो क्लब अध्यक्ष अभिषु शर्मा, सचिव शिवम जायसवाल, कोषाध्यक्ष पवन जायसवाल, कार्यक्रम संयोजक सुमीत परिहार, अर्पित बाहेती, नितिन राठौड़, अक्षय भंडारी, मनन जायसवाल, रजत रैकवार, शिखा परिहार, सोनम जायसवाल, संजना जायसवाल, पूजा भंडारी, वीणा राठौर सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। लियो क्लब की इस पहल की गणेश उत्सव समितियों द्वारा सराहना की गई।

समितियों ने भविष्य में भी प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमाओं को प्राथमिकता देने और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

## तेज रफ्तार बाइक ने चार वर्षीय बच्चे को मारी टक्कर

**खंडवा।** गणेश तलाई क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने चार वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल क्रमांक के चालक निखिल श्रीवास ने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए बच्चे को टक्कर मारी, जिससे उसे चोट आई। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## दूसरी शादी की बात पर महिला से मारपीट

**खंडवा।** पुरानी मल्टी चिराखदान क्षेत्र में महिला के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया। पुलिस के अनुसार महिला के पहले पति अमित सोनवाल और उसके साथी अनिकेत सरपटे ने दूसरी शादी नहीं करने देने की बात कहते हुए गाली-गलौज की और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

## गणेश आरती के दौरान महिला से छेड़छाड़ और मारपीट, पड़ोसी के खिलाफ केस दर्ज


'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

रतलाम के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत पीएनटी कॉलोनी में शनिवार रात गणेश आरती के दौरान एक महिला के साथ अभद्रता, छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नामजद आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीएनटी कॉलोनी की रहने वाली पीड़िता (36 वर्ष) शनिवार रात करीब 8.30 से 9 बजे के बीच अपनी जेठानी और अन्य महिलाओं के साथ कॉलोनी में स्थापित गणेश पंडाल में आरती करने गई थी।

पीड़िता का आरोप है कि आरती के दौरान ही पड़ोस में रहने वाला आरोपी विनोद साहू (पिता शिव कुमार साहू) वहां आया और बुरी नीयत से पीड़िता का हाथ पकड़कर खींचने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने अभद्रता करते हुए मारपीट और छीना-झपटी शुरू कर दी। इस दौरान महिला के गले की सोने की चेन गिर गई, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। यह पूरी घटना गणेश पाण्डाल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज में भी साफ देखा जा सकता है कि आरती के दौरान अचानक धक्का-मुक्की और बहस शुरू होती है, जिसके बाद भीड़ में अफरा-तफरी मच जाती है। घटना के बाद पीड़िता अपने पति, जेठ और जेठानी के साथ औद्योगिक क्षेत्र थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी विनोद साहू के विरुद्ध लज्जा भंग करना/छेड़छाड़, स्वेच्छा से चोट पहुंचाना के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# संत के केवल इन शब्दों को सुनकर ये महिलाएं बन गईं समाज सुधारक



फ्रांस में 18वीं सदी में एक संत हुए सोलोमन लिकलैर्क। वह अत्यंत उदार हृदय के थे। उनके पास जो भी दीन-दुखी आता वह उसकी समस्याओं को बहुत ही शांत भाव से सुनते ते और उसकी हर संभव सहायता करते थे। उनकी सहृदयता सभी पर समान रूप से बरसती थी। संत सोलोमन किसी एक स्थान पर नहीं ठहरते थे। वह सदा भ्रमण करते रहते थे। एक बार भ्रमण करते-करते वह एक ऐसे स्थान पर पहुंच गए जो गणिकाओं का गांव था। क्योंकि गणिकाओं के पास कोई भी व्यक्ति अपनी वासना पूर्ति के लिए आता है, लिहाजा यहां की गणिकाओं ने समझा कि संत का भी यही उद्देश्य है। गणिकाओं में से कुछ ने संत का उपहास किया और कहा कि यह कोई संत नहीं बल्कि साधु के वेश में एक विलासी है। गणिकाओं में से किसी ने संत सोलोमन को इशारे से अपने पास बुलाया। संत सोलोमन तो हृदय से निष्कपट थे। उन्होंने बस इतना ही समझा कि उन्हें बुलाया गया है इसलिए वह निर्विकार भाव से उसके पास चले गए। संत ने अपना परिचय दिया और गणिकाओं ने अपना। सोलोमन उनके विषय में जानकर रो पड़े और बोले, हे भगवान! तेरी इतनी सुंदर सृष्टि में यह कैसा अनर्थ हो रहा है? इन्हें भी तेरा प्रेम और दया मिलनी चाहिए। संत का ऐसा निष्पाप भाव देखकर गणिकाएं इतनी प्रभावित हुईं कि वे साध्वी बन गईं। उनका अनुगमन करते हुए सारी गणिकाएं साधना के मार्ग पर चल पड़ीं। संत की प्रेरणा से उन लोगों ने वेश्यावृत्ति से अर्जित धन से एक मठ और नारी निकेतन का निर्माण करवाया और परोपकार को सदा के लिए अपना लिया। विवशतावश या अविवेक के कारण जिनका पतन हुआ है, उन्हें निर्विकार भाव से विकास की मुख्यधारा में लाना महान कार्य और परमार्थ होता है। ऐसा करने वाला संत सच्चा समाज सुधारक होता है।



**सम्पादकीय**

## गणपति बप्पा मोरया

गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया। आजकल देशभर में गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। गणेश जी को हम विघ्नहर्ता, बुद्धि के देवता और मंगल करने वाले भगवान के रूप में पूजते हैं। गणपति उत्सव केवल पूजा और उत्सव का पर्व नहीं है बल्कि यह हमें बुद्धि, संस्कार, एकता, सेवा और अच्छे कर्मों का संदेश भी देता है। भगवान गणेश जी को किसी भी शुभ कार्य से पहले याद किया जाता है। क्योंकि गणेश जी बुद्धि, विवेक और शुभ शुरूआत के प्रतीक माने जाते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हमारे जीवन में सुख-शांति हो, परिवार में प्रेम हो और गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया। आजकल देशभर में गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। गणेश जी को हम विघ्नहर्ता, बुद्धि के देवता और मंगल करने वाले भगवान के रूप में पूजते हैं। गणपति उत्सव केवल पूजा और उत्सव का पर्व नहीं है बल्कि यह हमें बुद्धि, संस्कार, एकता, सेवा और अच्छे कर्मों का संदेश भी देता है।

भगवान गणेश जी को किसी भी शुभ कार्य से पहले याद किया जाता है। क्योंकि गणेश जी बुद्धि, विवेक और शुभ शुरूआत के प्रतीक माने जाते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हमारे जीवन में सुख-शांति हो, परिवार में प्रेम हो और हमारे काम में आने वाली बाधाएं दूर हों। गणेश जी की पूजा केवल हाथ जोड़ना नहीं है, बल्कि उनके गुणों को अपने जीवन में उतारना भी है। जैसे कि उनके स्वरूप में कई सुन्दर संदेश छिपे हैं। बड़ा सिर का संदेश है बड़ी सोच रखें, छोटी-छोटी बातों में उलझने के बजाय जीवन में सकारात्मक सोच रखें, बड़े कान संदेश देते हैं कि दूसरों की बात ध्यान से सुनें। हर समय अपनी बात मनवाने की कोशिश न करें। छोटी आंखें संदेश देती हैं अपने लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें। बड़ा पेट-सहनशीलता, जीवन में समझदारी और धैर्य से कुछ बातें पेट में रखें। हर बात का जवाब न दें। मूषक वाहन-इच्छाओं पर नियंत्रण रखें। हर मनुष्य को अपनी इच्छाओं और अहंकार पर नियंत्रण रखना सीखना चाहिए। गणपति पूजा श्रद्धा और विश्वास से करनी चाहिए। क्योंकि इससे मन को शांति, परिवार में एकता, अच्छे संस्कार, समाज में भाईचारा बढ़ता है। इन दिनों 3-4 गणपति पूजा में जाने का अवसर मिल रहा है। जिसकी शुरूआत पियूष गोयल-सीमा के घर से हर साल की तरह हुई। रोज किसी न किसी मित्र के घर हो रही है। सबको भावनाओं के साथ मिलने का अवसर भी मिलता है। आजकल दिल्ली में घर-घर गणपति का आगमन है। अपने घर गणेश जी को जो किसी ने सोच रखा है, उतने दिन के लिए अर्थात 1, 3, 5, 7, 10 दिन। सुबह-शाम भगवान गणेश जी की पूजा करते हैं। इसके बाद भगवान गणेश की विदाई का समय आता है, जिसे प्रतिमा विसर्जन कहा जाता है।

### अंततः उपभोक्ता पर आयेगा भार

# शुल्क की आहट और यूपीआई का भविष्य



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

अंततः अमेरिकी दबाव ने असर दिखाया- यह निष्कर्ष आकर्षक जरूर है, लेकिन 14 सितंबर की वित्त मंत्रालय की अधिसूचना को समझने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। अधिसूचना ने 2,000 तक के यूपीआई लेन-देन और रुपे डेबिट कार्ड भुगतान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शुल्क लगाने से बैंकों और भुगतान-प्रणाली प्रदाताओं को रोक दिया है। परंतु ?2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर तत्काल कोई उपभोक्ता शुल्क लागू नहीं किया गया है; अधिसूचना ने केवल बड़े लेन-देन पर भविष्य में शुल्क या एमडीआर की संभावना के लिए रास्ता खुला छोड़ा है।

फिर भी चिंता वास्तविक है। क्योंकि नीतियों का असर केवल उस शब्द से नहीं समझा जाता जो अधिसूचना में लिखा है; यह भी देखना पड़ता है कि उसके बाद बाजार का व्यवहार किस दिशा में जाता है। आज शुल्क सीधे ग्राहक से न लिया जाए, कल व्यापारी से लिया जाए और परसों व्यापारी उसे वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में जोड़ दे-तो अंततः भार उपभोक्ता पर ही आ सकता है। आर्थिक व्यवस्था में लागत का कोई भी नया तत्व लंबे समय तक अपने मूल स्थान पर नहीं रहता; वह किसी न किसी रूप में कीमत, कमीशन या सेवा-शुल्क बनकर बाजार में फैल सकता है।

सरकार का वर्तमान निर्णय यह नहीं कहता कि 2,000 से ऊपर का हर यूपीआई भुगतान अब शुल्कयुक्त हो गया है। अधिसूचना का स्पष्ट प्रावधान यह है कि 2,000 तक के यूपीआई लेन-देन पर बैंक या भुगतान-प्रणाली प्रदाता भुगतान करने वाले अथवा प्राप्त करने वाले व्यक्ति से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शुल्क नहीं ले सकते। बड़े भुगतान के संबंध में न तो कोई निश्चित दर घोषित की गई है और न ही यह कहा गया है कि आम उपयोगकर्ता को तुरंत अतिरिक्त पैसा देना होगा।

लेकिन नीति का संकेत उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उसका वर्तमान प्रभाव। लंबे समय से यूपीआई पर एमडीआर यानी व्यापारी छूट दर लगाने की चर्चा चलती रही है। एमडीआर वह शुल्क है जो किसी डिजिटल भुगतान को संसाधित करने के लिए व्यापारी या भुगतान-प्रणाली से जुड़े पक्षों के बीच लिया जाता है। यदि भविष्य में ?2,000 से अधिक के व्यापारी भुगतान पर एमडीआर लगाया गया, तो बैंक, भुगतान अनुप्रयोग और भुगतान-संसाधक अपनी लागत वसूलने का प्रयास कर सकते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ नागरिकों की आशंका शुरू होती है।

सरकार शायद यह तर्क दे सकती है कि छोटे भुगतान गरीब, निम्न-मध्यमवर्गीय और रोजमर्रा के उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त रहेंगे। यह तर्क अपने आप में समझने योग्य है। चाय, दूध, सब्जी, स्थानीय परिवहन या छोटी दुकान के भुगतान पर शुल्क न लगे, यह डिजिटल समावेशन के लिए महत्वपूर्ण है। मगर प्रश्न यह है कि क्या 2,000 की सीमा के ऊपर शुल्क लगाने की व्यवस्था बड़े व्यापार तक सीमित रहेगी? और यदि वह सीमित रहेगी, तो इसकी निगरानी कौन करेगा?

यह मान लेना कठिन है कि व्यापारी अतिरिक्त लागत को हमेशा अपने मुनाफे से वहन करेगा। बड़े संगठित कारोबार कुछ समय तक भुगतान-प्रसंस्करण की लागत को सह सकते हैं, पर छोटे व्यापारियों के लिए हर शुल्क मायने रखता है। किराना दुकानदार, ऑनलाइन विक्रेता, निजी शिक्षक, चिकित्सक, मरम्मत-कर्मी और छोटे सेवा-प्रदाता अपनी लागत को किसी न किसी रूप में ग्राहक तक पहुंचा सकते हैं।

कल्पना कीजिए कि किसी व्यापारी पर प्रत्येक बड़े यूपीआई भुगतान पर एक प्रतिशत का शुल्क लगता है। वह ग्राहक को कह सकता है कि नकद भुगतान करें, या डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त राशि दें, या वस्तु की कीमत में मामूली वृद्धि कर सकता है। ग्राहक को अलग से शुल्क दिखाई न दे, फिर भी वह बढ़ी हुई कीमत के रूप में भुगतान कर सकता है। इसीलिए केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि शुल्क प्राप्तकर्ता देगा। प्राप्तकर्ता भी बाजार का हिस्सा है और बाजार में कोई भी लागत अंततः कीमतों में समायोजित हो सकती है। इससे डिजिटल भुगतान की उस सहजता पर भी असर पड़ सकता है जिसने यूपीआई को भारत के आर्थिक जीवन का सामान्य हिस्सा बना दिया है। आज ग्राहक को यह सोचने की जरूरत नहीं पड़ती कि भुगतान के लिए उसके पास नकद है या कार्ड। मोबाइल और बैंक खाते के सहारे कुछ सेकंड में लेन-देन पूरा हो जाता है। यदि बड़े भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क, असफल लेन-देन, अलग-अलग अनुप्रयोगों की दरें या व्यापारी द्वारा मनमाना अधिभार आने लगे, तो यह भरोसा कमजोर हो सकता है।

अमेरिकी कंपनियों और ट्रंप प्रशासन के दबाव का आरोप राजनीतिक बहस का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसे प्रमाणित तथ्य की तरह प्रस्तुत करने से पहले ठोस दस्तावेज, आधिकारिक बयान और वार्ताओं का सार्वजनिक रिकॉर्ड सामने होना चाहिए। विदेशी कंपनियों का अपने हितों के लिए सरकारों पर दबाव बनाना असामान्य नहीं है। वैश्विक भुगतान कंपनियां चाहती हैं कि भुगतान बाजार में प्रतिस्पर्धा के नियम उनके अनुकूल हों और घरेलू प्रणालियों पर लगाए गए संरक्षणात्मक प्रावधान धीरे-धीरे कम हों। यह भी सच है कि यूपीआई ने भारत में भुगतान के क्षेत्र में ऐसा मॉडल खड़ा किया है जिसमें उपयोगकर्ता को लगभग शून्य लागत पर त्वरित भुगतान की सुविधा मिली। इस व्यवस्था ने पारंपरिक कार्ड नेटवर्क और विदेशी भुगतान कंपनियों के व्यावसायिक मॉडल को चुनौती दी है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कारोबारी हितों का इस बहस में होना स्वाभाविक है। मगर किसी नीति-निर्णय को केवल अमेरिका के दबाव का परिणाम बताने से घरेलू आर्थिक कारणों की चर्चा अधूरी रह जाती है।

बैंकों और भुगतान अनुप्रयोगों का तर्क है कि यूपीआई के व्यापक संचालन, साइबर सुरक्षा, तकनीकी ढांचे और ग्राहक-सहायता पर खर्च होता है। दूसरी ओर सरकार ने वर्षों तक यूपीआई को मुफ्त रखकर डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार को प्राथमिकता दी। अब यदि इस व्यवस्था की लागत का प्रश्न उठ रहा है, तो सरकार को पारदर्शी ढंग से बताना चाहिए कि कुल लागत कितनी है, उसका कितना भाग कौन वहन करेगा और शुल्क से प्राप्त धन का उपयोग किस उद्देश्य से होगा। इस मुद्दे पर राष्ट्रवाद का आवरण डालना लोकतांत्रिक बहस को कमजोर करेगा। यदि सरकार ने यह निर्णय किसी विदेशी दबाव में नहीं, बल्कि घरेलू आर्थिक विवशताओं या भुगतान-तंत्र की स्थिरता के लिए लिया है, तो उसे स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। यदि किसी अंतरराष्ट्रीय बातचीत का प्रभाव पड़ा है, तो संसद और जनता को उसके बारे में जानकारी मिलनी चाहिए। पारदर्शिता

### वरिष्ठ नागरिक

सभागार के वातानुकूलित कमरे के मुख्य द्वार पर अठहत्तर साल के विश्वंभर दयाल अपनी लाठी टेकते हुए सुबह ठीक दस बजे आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में जरी के गोटे वाला एक पुराना पीला शॉल और मखमली डिब्बे में रखा एक सूखा हुआ मुरझाया गुलाब का फूल रहता था जिसे वे अपनी हथेली पर रखकर लगातार सहलाते रहते थे। सभागार का नया सुरक्षाकर्मी जब भी उन्हें गेट के पास बैठा देखता तो चाय का कुल्हड़ मेज पर पटकते हुए ठहाका लगाकर कहता कि ₹बाबा जब आज इक्कीस अगस्त को वरिष्ठ नागरिक दिवस के मौके पर बड़े साहब खुद नए शॉल और सम्मान बांटने आ रहे हैं तो इस फटे पुराने शॉल को रोज अपनी छाती से लगाकर यहाँ अधिकारियों के आगे नुमाइश क्यों लगाते हो।₹ विश्वंभर दयाल अपनी पुरानी ऐनक के धुंधले शीशे को धोती से पोंछते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि ₹बेटा यह जरीदार कपड़ा केवल रेशम का टुकड़ा नहीं है बल्कि इस पूरे समाज की उस अंधी संवेदनहीनता का वो ढोंग है जिस पर साल में सिर्फ एक दिन भाषणों की माला पहनाई जाती है।₹ सभागार में आने वाले तमाम मुंशी और युवा कार्यकर्ता उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि ₹लगता है इस बुढ़ापे में बाबा की मति मारी गई है जो सम्मान के इस पावन उत्सव को अपनी हठ की भेंट चढ़ाने चले हैं। विश्वंभर दयाल किसी की कड़वी बात का तनिक भी बुरा माने बिना उस सूखे गुलाब की पंखुड़ियों को अपनी कांपती उंगलियों से संभालते और चुपचाप गाड़ियों के काफिले का इंतजार करते रहते थे। सभागार के तमाम कर्मचारी विश्वंभर दयाल की इस मूक उपस्थिति से पूरी तरह परिचित हो चुके थे और उन्हें एक सनकी बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। आयोजन समिति का बड़ा सचिव जब भी गुलदस्तों और मोमेंटो का ढेर लेकर मुख्य मंच की तरफ बढ़ता तो विश्वंभर दयाल बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि ₹बाबू जी क्या आज उस बुजुर्ग पेंशन और भरण-पोषण वाले कागज पर साहब की मुहर लग गई।₹ सचिव गुस्से में अपने चश्मे को ठीक करते हुए डांटकर कहता कि अरे बाबा जब तक डिजिटल पोर्टल पर सत्यापन पूरा नहीं होगा और तहसील से नई रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक कागज आगे नहीं बढ़ेगा और तुम इस पुराने शॉल को लेकर ताउम्र यहाँ चक्कर काटते रहोगे।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 सितंबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:27
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - दशमी 18:17 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - उत्राषाढा दिन पूर्ण
योग - शोभन 17:01 उपरांत अतिगण्ड
करण - गर
चन्द्रमा - धनु मे है 11:00 पर मकर मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 09तारिख

**मेष-** दिनभर अष्टम भाव का प्रभाव रहने से काम में थोड़ी रुकावटें आ सकती हैं। पेट का ध्यान रखें, बाहर के खाने से बचें।

**वृषभ-** लेकिन रात के बाद भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार में दिन के समय जोखिम लेने से बचें।

**मिथुन-** लव पार्टनर की सेहत का ध्यान रखें, संयम से बात करें। खर्चों पर काबू रखें।

**कर्क-** दिनभर बौद्धिक क्षमता से काम बनेंगे। विरोधियों पर सतर्कता जरूरी होगी।

**सिंह-** शेयर या ट्रेडिंग से जुड़े लोगों लाभ होगा। लव लाइफ में दिनभर मिठास रहेगी। धन आगमन सुचारू रहेगा।

**कन्या-** दिनभर पराक्रम और नेटवर्किंग से काम बनेंगे। रात के बाद ध्यान परिवार पर रहेगा।

**तुला-** व्यापारिक यात्राएं सफल होंगी। गर्दन या हाथों में थोड़ी थकान हो सकती है।

**वृश्चिक-** लव पार्टनर के साथ यात्रा या आउटिंग का प्लान बन सकता है। आर्थिक पक्ष संतुलित रहेगा।

**धनु-** दिनभर खर्च और भागदौड़ रह सकती है। चंद्रमा आपकी ही राशि में आकर नया आत्मविश्वास देगा।

**मकर-** उधारी से बचें, नए प्रोजेक्ट्स मिलेंगे। लव लाइफ में गलतफहमियां दूर होंगी। दिनभर भाग्य का साथ मिलेगा।


**कुंभ-** दिन में खर्च अधिक रहेगा, रात में स्थिति सुधरेगी। रात के बाद मानसिक तनाव समाप्त होगा

**मीन-** कार्यक्षेत्र में पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापारिक विस्तार के लिए दिन उत्तम है। लव लाइफ में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी।

# रात में नींद खुल जाने की समस्या को न करें अनदेखा

रात को बार-बार नींद खुल जाती है और पैरों में दर्द या इनसोमनिया जैसी समस्या परेशान करती रहती है तो सबसे पहले अपने लीवर फंक्शन का टेस्ट करवाएं। ये फैटी लीवर की निशा्नी है।

नींद ना आने की समस्या बहुत सारे लोगों को परेशान करती है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी है जो रात को नींद खुल जाने की वजह से परेशान रहते हैं। क्योंकि कई बार रात को नींद खुल जाने के बाद दोबारा नहीं आते। ऐसे में कई सारे हेल्थ इश्यूज होने लगते हैं। वहीं रात को बार-बार नींद खुलने को इनसोमनिया की बीमारी कहा जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आपकी नींद रात को 1 बजे से लेकर 4 बजे के बीच में खुल जाती है तो इसका कारण आपका लिवर हो सकता है।



**लिवर डैमेज होने की है निशानी**

जर्नल ऑफ नेचर एंड साइंस ऑफ स्लीप की रिपोर्ट के मुताबिक रात को नींद में डिस्टर्बेंस लिवर डैमेज होने के लक्षण होते हैं। रात को 1 बजे से लेकर 4 बजे के बीच नींद खुलने का कॉमन कारण लिवर प्रॉब्लम है।

कैसे लिवर और नींद एक दूसरे से रिलेट करते हैं

बॉडी के अंगों को सिस्टमेटिक ढंग से काम करने के लिए सर्काडियन क्लॉक या बॉडी क्लॉक खास रोल निभाती है। जो कि दिन और रात के हिसाब से काम करती है। रात को 1-3 बजे के बीच लिवर बॉडी को डिटॉक्सीफाई करने और सफाई करने का काम सबसे ज्यादा तेजी से करता है। अगर लिवर में फैट जमा है और नॉनएल्कोहलिक फैटी लिवर डिसीज है तो वो ठीक तरीके से काम नहीं करता तो बॉडी को डिटॉक्सीफाई के लिए ज्यादा एनर्जी लगानी पड़ती है। जिसकी वजह से नर्व सिस्टम नींद से उठने के लिए संकेत देने लगता है।

**इन वजहों से होती है नींद डिस्टर्ब**

लिवर खराब होने की वजह से इनसोमनिया, रेस्टलेस लेग सिंड्रोम, दिन में नींद आने और नींद ना आने की समस्या परेशान करती है। अगर रात को बार-बार नींद खुल जाती है तो सबसे पहले अपने लिवर फंक्शन का टेस्ट करवाएं। जिससे कि नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर जैसी समस्या को कम करने के उपाय किए जा सकें।

**समसामयिक**

## भारत का भविष्य आकर्षक रंगीन पैकेट में पाउच में क्या खा रहा?



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

कभी बच्चों के हाथ में पौष्टिक चीजें थीं, अब रंगीन पैकेट और गिफ्ट का आकर्षण। एक समय था जब बच्चों के लिए घर में बनने वाली मिठाइयों और नाश्ते में स्वाद के साथ अपनापन भी होता था। खोपरे की बुरादा, दूध, मेवे, गुड़, चना, मूंगफली, मखाना, फल और सूखे मेवे बच्चों की पसंद का हिस्सा हुआ करते थे। स्वाद के साथ शरीर को पोषण भी मिलता था।

फिर समय बदला, बाजार बदला और बच्चों की पसंद भी बदल गई।

अब बच्चा रोए तो खिलौने से पहले कई बार चटपटे पैकेट की याद आती है। पैकेट हाथ में आया और बच्चा चुप। माता-पिता भी खुश-चलो, समस्या का समाधान हो गया!

लेकिन असली सवाल यहीं से शुरू होता है।

क्या बच्चे का रोना बंद कर देना ही हमारी जिम्मेदारी है, या यह देखना भी जरूरी है कि उसे चुप कराने के लिए हम उसके हाथ में क्या दे रहे हैं? आज बाजार में छोटे-छोटे रंगीन पैकेट बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। चटपटा स्वाद, आकर्षक पैकिंग और कहीं-कहीं खाने के साथ छोटा-सा गिफ्ट-बच्चे के लिए पूरा पैकेज किसी खिलौने से कम नहीं लगता। जरा व्यंग्य में सोचिए- पाउच में अगर खाने के साथ गिफ्ट भी मिल रहा है, तो बच्चा स्वाद देखेगा या पोषण? मुद्दा किसी एक उत्पाद या कंपनी का नहीं है। मुद्दा हमारी बदलती खान-पान की आदतों का है। खाद्य पदार्थों के विज्ञापनों और दावों को लेकर खाद्य सुरक्षा संबंधी नियम भी विज्ञापनों को सत्य, स्पष्ट और गैर-भ्रामक रखने पर जोर देते हैं। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को कमजोर करने वाले संदेशों से बचने की अपेक्षा की जाती है।

लेकिन सवाल केवल बाजार से नहीं है। सवाल हमारे घर से भी है।

बच्चे को रोज चटपटा पैकेट देना आसान है, लेकिन फल, दूध, दाल, चना, मूंगफली, मखाना, सब्जियां और घर का पौष्टिक नाश्ता खाने की आदत डालने में थोड़ी मेहनत लगती है।\ और बच्चे वही मांगते हैं, जिसकी उन्हें बार-बार आदत डाली जाती है। सुरक्षित और स्वस्थ भोजन की संस्कृति विकसित करने के लिए सरकार, खाद्य कारोबारियों, स्कूलों, परिवारों और नागरिकों-सभी की अपनी भूमिका है। तो फिर सवाल उठना स्वाभाविक है- क्या हम बच्चों को सिर्फ स्वाद की आदत दे रहे हैं या स्वस्थ जीवन की समझ भी? क्या स्कूलों और परिवारों में पौष्टिक भोजन को लेकर पर्याप्त बातचीत हो रही है? क्या रंगीन पैकेट की चमक के सामने घर का चना-मूंगफली पीछे छूट गया है? जवाब किसी एक व्यक्ति या विभाग को कटघरे में खड़ा करने से नहीं मिलेगा। शुरूआत घर से करनी होगी।

बच्चा रोए तो हर बार पैकेट पकड़ाने के बजाय कभी फल दीजिए, कभी चना-मूंगफली, कभी मखाना और कभी घर का बना नाश्ता। बच्चे को यह समझाना होगा कि हर रंगीन पैकेट खुशी नहीं होता और हर स्वाद सेहत का दोस्त नहीं होता। हम बच्चों की पढ़ाई पर हजारों-लाखों रुपये खर्च करते हैं। उनके अच्छे भविष्य के लिए स्कूल चुनते हैं, ट्यूशन लगवाते हैं और करियर की चिंता करते हैं। लेकिन भविष्य केवल किताबों और डिग्रियों से मजबूत नहीं होता। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ आदतें और सही खान-पान की समझ भी भविष्य की पूंजी हैं। इसलिए अगली बार बच्चा कहे- पापा, पैकेट वाला स्नैक चाहिए तो तुरंत पैकेट देने से पहले एक पल रुकिए। शायद उससे पूछने का समय आ गया है- कुछ ऐसा खाओगे, जिससे तुम्हारा भविष्य भी मजबूत बने? क्योंकि सवाल सिर्फ पाउच के एक पैकेट का नहीं है सवाल भारत के भविष्य का है। और भारत का भविष्य आज हमारे बच्चों के हाथ में है।

**धर्म-आस्था**

# जब चंचल मन गणेशजी की सवारी बन गया



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

गणेशजी का स्मरण होते ही आंखों के सामने उनका दिव्य स्वरूप उभरता है-हाथी का मस्तक, विशाल उदर, बड़े कान और चरणों के पास बैठा छोटा-सा मूषक। श्रद्धालु गणेशजी की पूजा तो करते हैं, लेकिन क्या कभी यह विचार किया है कि इतने विशाल देवता ने इतने छोटे जीव को ही अपना वाहन क्यों बनाया?

इसके पीछे जुड़ी कथा केवल रोचक नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन को समझने की एक सुंदर आध्यात्मिक दृष्टि भी देती है।

मान्यता है कि एक समय एक आश्रम में एक बहुत बड़ा और शरारती चूहा उत्पात मचा रहा था। वह आश्रम का सामान कुतर देता, अनाज बिखेर देता और भोजन को नुकसान पहुंचाता। आश्रमवासी उसकी हरकतों से परेशान थे। उसे पकड़ने के कई प्रयास किए गए, लेकिन वह अपनी चंचलता और फुर्ती से हर बार बच निकलता।

इसी दौरान गणेशजी वहां पहुंचे। आश्रमवासियों ने अपनी परेशानी बताई। गणेशजी ने उस चूहे को पकड़ने का निश्चय किया। कथा के अनुसार, उन्होंने उसे अपने वश में कर लिया।

जिस चूहे को अपनी चंचलता पर इतना गर्व था, वह गणेशजी के सामने शांत हो गया। उसने अपनी भूल स्वीकार की और गणेशजी से क्षमा मांगते हुए उनकी सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। गणेशजी ने उसकी प्रार्थना स्वीकार कर उसे अपना वाहन बना लिया।



यहीं इस कथा का सबसे बड़ा संदेश छिपा है। जो चूहा कभी आश्रम के लिए परेशानी का कारण था, वही गणेशजी का वाहन बन गया। अर्थात किसी शक्ति को केवल दबाना ही समाधान नहीं, उसे सही दिशा देना भी जरूरी है। धार्मिक परंपरा में मूषक को चंचल मन और अनियंत्रित इच्छाओं का प्रतीक माना गया है। हमारा मन भी उसी चूहे की तरह लगातार दौड़ता रहता है। कभी धन की इच्छा, कभी प्रतिष्ठा की चाह, कभी मोह, कभी क्रोध और कभी अहंकार-मनुष्य का मन उसे पल-पल अलग दिशा में ले जाता है।

गणेशजी बुद्धि और विवेक के देवता हैं। उनका मूषक पर विराजमान होना प्रतीकात्मक रूप से बताता है कि जब बुद्धि और विवेक जागृत होते हैं, तब चंचल मन भी नियंत्रण में आ सकता है। मूषक छोटा है, लेकिन उसकी गति तेज है। वह छोटी-से-छोटी जगह में प्रवेश कर सकता है। ठीक वैसे ही हमारी छोटी-छोटी इच्छाएं धीरे-धीरे मन में जगह बना लेती हैं और कब बड़ी अपेक्षाओं में बदल जाती हैं, पता ही नहीं चलता।

गणेशजी का मूषक पर विराजमान होना हमें यह सीख देता है कि मनुष्य को अपनी इच्छाओं का गुलाम नहीं, उनका स्वामी बनना चाहिए। गणेशजी के बड़े कान हमें अधिक सुनने, छोटी आंखें एकाग्रता रखने और बड़ा मस्तक विवेक से विचार करने की प्रेरणा देता है। वहीं उनके चरणों में बैठा मूषक हमें अपने चंचल मन को साधने का संदेश देता है।

इसलिए गणेशजी की पूजा केवल विघ्नों को दूर करने की प्रार्थना नहीं है। यह स्वयं के भीतर झांकने का अवसर भी है। भगवान के सामने सिर झुकाते समय यदि हम अपने मन के भीतर छिपे अहंकार, लालच, क्रोध और अनियंत्रित इच्छाओं को भी पहचान लें, तो पूजा का अर्थ और गहरा हो जाता है। गणेशजी के चरणों के पास बैठे मूषक को अगली बार केवल उनकी सवारी मत देखिए। उसमें अपने ही मन की तस्वीर देखिए-जो लगातार दौड़ता है, भटकता है और कुछ न कुछ पाने की चाह रखता है। गणेशजी हमें यह विवेक दें कि हमारा मन हमें न चलाए, बल्कि हमारी बुद्धि और सद्विचार हमारे मन को सही दिशा दें। शायद यही मूषक वाहन की कथा का सबसे सुंदर संदेश है-चंचल मन जब विवेक के चरणों में आ जाता है, तो वही मन जीवन का सहायक बन जाता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,500 रवा- 1,50,200 चांदी- टंच- 2,35,500 पाट- 2,35,000।

### उज्जैन किराना


**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## सीखने के लिए आंकलन आधारित संवाद आयोजित

**शाजापुर।** एफएलएन मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान में सीखने के लिए आकलन एक ऐसी निरंतर प्रक्रिया है, जिसका उपयोग बच्चे की सीखने की प्रक्रिया के दौरान उसकी प्रगति को समझने और उसमें सुधार करने के लिए किया जाता है। उक्त विषय पर शनिवार को जनशिक्षा केंद्र भरड़ अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पतोली में कक्षा 3 से 5 पढ़ाने वाले शिक्षकों का सीखने के लिए आंकलन विषय पर शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। केंद्र अंतर्गत 15 शिक्षकों को जनशिक्षक मयंक चौरसिया, सह सहजकर्ता श्रीपाल मालवीय, इसरार जहां ने प्रशिक्षण देकर अध्यापन सबंधी कठिनाइयों का निदान किया गया। वहीं मावि पतोली संस्था प्रधान लोकेश राठौर ने भी संवाद में सहभागिता कर आवश्यक शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया।

## आयुर्वेद दिवस पर विद्यार्थियों को बताए स्वस्थ जीवन के सूत्र

**शुजालपुर।** 11वें आयुर्वेद दिवस के अंतर्गत शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शुजालपुर मंडी की ओर से शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय राघवगंज में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला अधिकारी गिरिज बाथम के निर्देशानुसार हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आवश्यकतानुसार आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण भी किया गया। विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया तथा आयुर्वेद, औषधीय पौधों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जाह्नवी मिश्रा, डॉ. कृति डांगरा, सतीश कुल्मी, योग प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह परमार एवं योग सहायक अजय राठौर उपस्थित रहे।

## दो ट्रकों की टक्कर में चालक की मौत, दो घायल

**शाजापुर।** दो ट्रकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बृजभान ट्रक लेकर कानपुर से नासिक की ओर जा रहे थे, तभी नैनावद के समीप सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद बृजभान ट्रक के अगले हिस्से में बुरी तरह से फंस गए और उनकी मौत हो गई। भारी मशक्कत के बाद केबिन को सीधा कर शव बाहर निकाला गया। वहीं घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया गया। 04

## सेवा संकल्प अभियान में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**शुजालपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत एकीकृत शासकीय हाई स्कूल भ्याना में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष परसराम धनगर एवं सरपंच प्रतिनिधि अंबाराम देशवाली उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के बाद भाषण एवं चित्रकला में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल भ्याना जादोपुर के प्राचार्य योगेश पाठक सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## हिमांशी ने 9 उपवास तपस्या की पूर्ण

**शाजापुर।** जैन समाज की हिमांशी सक्षम गोलेछा द्वारा नौ उपवास की तपाराधना सकुशल पूर्ण की गई। चातुर्मास काल अंतर्गत नगर में विराजित तपस्वीराज स्थानकवासी संत शीतलराज महाराज के सानिध्य में नगर में तपाराधना का सिलसिला निरंतर जारी है। इसी कड़ी में श्री सिद्धाचल वीरमणि तीर्थ धाम शाजापुर ट्रस्ट मंडल के सचिव एवं समाजसेवी मनोज गोलेछा की पुत्रवधू हिमांशी सक्षम गोलेछा द्वारा 9 उपवास की उग्र तपस्या गुरुदेव के आशीर्वाद से सकुशल पूर्ण की गई है। नगर के समाजजनों द्वारा हिमांशी की तपाराधना की अनुमोदना करते हुए उनका बहुमान किया गया।

# आयुर्वेद दिवस पर छात्राओं ने योग के सीखे गुर, शिविर में 262 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बीमारियों से बचने का सबसे सटीक और पुराना तरीका आयुर्वेद और योग ही है। इसी संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए शनिवार को दुपाड़ा रोड स्थित निजी हायर सेकेंडरी स्कूल में 11वें आयुर्वेद दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद थीम पर हुए इस आयोजन में स्कूली छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान जहां छात्राओं ने योग के गुर सीखे, वहीं परिसर में लगे निःशुल्क शिविर में 262 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें औषधियां दी गईं। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान धन्वंतरि की विशेष पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यालय का प्रांगण योग और उत्साह से भर गया। योग शिक्षक रोडमल आर्य ने सभी छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को प्राणायाम व योगाभ्यास कराया तथा स्वस्थ शरीर के लिए इसके फायदे बताए। कार्यक्रम में केवल स्वास्थ्य की बात नहीं हुई, बल्कि कला का भी संगम देखने को मिला। छात्राओं ने रंगोली, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं के जरिए आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली के



खूबसूरत रंग बिखेरे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को आयुष विभाग की ओर से पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। आयुर्वेद सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। इसे समझाते हुए डॉ. प्रियंका टेवा ने छात्राओं को घर के आस-पास आसानी से मिल जाने वाले हर्बल और औषधीय पौधों के चमत्कारिक फायदों के बारे में बताया। इस दौरान परिसर में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं और स्टाफ का ब्लड टेस्ट किया गया और 262 मरीजों को आयुर्वेदिक दवाइयां बांटी गईं।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति**

जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिरिज बाथम के निर्देशन में हुए इस सफल आयोजन में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी डॉ. सीमा बड़िया, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश गुर्जर, प्राचार्य राधेश्याम गोठी और वाइस प्रिंसिपल प्रदीप कुमार जायसवाल मौजूद रहे। साथ ही डॉ. रोहित कुशवाह, डॉ. दिव्या दुबे, बीएस हनोतिया, विष्णु मंडलोई और प्रियंका खंडेलवाल सहित आयुष विभाग व विद्यालय परिवार की टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई।



## सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**शुजालपुर।** मां शारदा शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को प्रातः मंत्री इंदरसिंह परमार द्वारा पौधारोपण तथा शाम को दीप प्रज्वलन के साथ किया गया था। अभियान के तीसरे दिन विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग द्वारा विकसित भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं और रचनात्मकता के माध्यम से विकसित भारत की तस्वीर कागज पर उकेरी। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

पुस्तक प्रदर्शनी के साथ हिंदी पखवाड़े का समापन

# छात्रों ने निबंध, काव्य-पाठ और पोस्टर निर्माण में दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का समापन पुस्तक प्रदर्शनी के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, हिंदी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति विद्यार्थियों में रुचि और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान निबंध प्रतियोगिता, काव्य-पाठ, पोस्टर निर्माण सहित विभिन्न साहित्यिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी में हिंदी साहित्य के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर पुस्तकों के अध्ययन में रुचि दिखाई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति, ज्ञान और साहित्य की समृद्ध परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि, साहित्यिक अभिरुचि और रचनात्मकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आनंद अजनोदिया, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके त्यागी, डॉ. आशीष यादव, डॉ. सरिता बेरवा, प्राध्यापक मोना जाटव, अंकित वर्मा, डॉ. दीप्ति निगम, वर्षा यादव सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# सोशल मीडिया फोटो को लेकर चाकूबाजी, युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

उदयनगर थाना क्षेत्र के पोलाखाल के अंजनपुरा गांव में शनिवार देर रात एक विवाद में चाकूबाजी हुई। सोशल मीडिया पर लड़की का फोटो डालने को लेकर हुए इस विवाद में तीन युवकों ने दो दोस्तों पर हमला कर दिया।

इस हमले में 18 साल के अजय चौहान की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त कान्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। कान्हा पिपरी का रहने वाला है और उसका इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, तीन आरोपियों ने एक लड़की का फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिया था। इसी बात को लेकर अजय, कान्हा और उनके परिवार के लोग आरोपियों को समझाने पहुंचे थे। इसी दौरान सरकारी स्कूल के पास विवाद बढ़ गया।

**विवाद बढ़ने पर चाकू से हमला किया**

विवाद बढ़ने पर तीनों आरोपियों ने अजय और कान्हा पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उदयनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सोलंकी ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी आरोपी पोलाखाल के ही रहने वाले हैं। पुलिस घटना के कारणों और सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## बास्केटबॉल में गर्वी आचार्य ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

## उज्जैन संभाग की टीम ने जीता कांस्य पदक, गर्वी के शानदार प्रदर्शन का रहा अहम योगदान



**शुजालपुर।** दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल शुजालपुर की प्रतिभावान खिलाड़ी गर्वी आचार्य ने 17 वर्ष बालिका वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। शहडोल में 16 से 19 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की बालिका टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान गर्वी आचार्य ने अपने खेल कौशल और प्रभावी प्रदर्शन से टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। गर्वी की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक फ़ादर कुरियन, प्राचार्य सिस्टर जैस, सिस्टर ज्योति, सिस्टर कमल जिस, खेल शिक्षक मनीष इंद्योरिया सहित समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शैक्षणिक संस्थानों के समीप बिक रही तंबाकू उत्पाद जप्त, पुलिस ने बनाया पंचनामा



**शाजापुर।** युवाओं एवं नाबालिगों को तंबाकू एवं नशीले पदार्थों की लत से दूर रखने तथा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों के अनाधिकृत विक्रय एवं उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन में कालापीपल पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र में 05 दुकानों एवं संबंधित स्थानों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान सिगरेट, तंबाकू एवं अन्य तंबाकू उत्पाद पाए जाने पर उन्हें विधिवत जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया और संबंधित दुकानदारों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है। दुकानदारों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं नाबालिगों को किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का विक्रय न करें। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों के निर्धारित क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान संबंधी प्रतिबंधों का पालन करने के निर्देश दिए गए। संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई में सहयोग करने एवं नियमानुसार थाने में उपस्थित होने की समझाइश दी गई।

# स्वामित्व रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमिका पर पटवारियों की आपत्ति

कैडर रिव्यू की मांग भी उठाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मध्यप्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन 2026 योजना के तहत पटवारियों को रजिस्ट्री दस्तावेज का निष्पादक बनाए जाने का विवाद अब शासन स्तर की बैठक तक पहुंच गया है। 19 सितंबर को भोपाल स्थित आयुक्त भू-संसाधन एवं प्रबंधन कार्यालय में हुई बैठक में मध्यप्रदेश पटवारी संघ सहित अन्य पटवारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल एवं शाजापुर जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया ने बताया कि बैठक में पटवारियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध स्वामित्व योजना या ग्रामीणों को मिलने वाले अधिकार के खिलाफ नहीं है।

बैठक में पटवारी संवर्ग के कैडर एवं वेतनमान रिव्यू की लंबित मांग भी रखी गई। संघ ने प्रस्ताव दिया कि यदि शासन कैडर रिव्यू की मांग का निराकरण करता है और स्वामित्व योजना में पटवारी की भूमिका निष्पादक के बजाय सहयोगी के रूप में स्पष्ट करता है तो पटवारी योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

# आगर-बड़ौद मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत : दो लोग घायल

परिजनों ने अस्पताल में इलाज और एंबुलेंस में देरी का आरोप लगाया

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर-मालवा में शनिवार शाम करीब 4 बजे आगर-बड़ौद मार्ग पर बिजली ग्रिट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

हादसे में बनोटी खुर्द निवासी मेहरबान सिंह (38) की मौत हो गई, जबकि बड़ौद निवासी अनिल (20) और सुनील (19) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद आगर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

जानकारी के मुताबिक, दोनों बाइकें आमने-सामने से आ रही थीं। बिजली ग्रिट के पास दोनों की टक्कर हो गई। हादसे में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। उन्हें बड़ौद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल में डॉक्टर ने मेहरबान सिंह को मृत घोषित कर दिया। अनिल और सुनील को प्राथमिक इलाज के बाद आगर जिला अस्पताल भेजा गया।

मेहरबान सिंह की मौत की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिला और एंबुलेंस भी देर से पहुंची। हालांकि, इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई पक्ष सामने नहीं आया है।

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाला मामला**

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी रूप सिंह बेस पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखरेख में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है और मामले में जरूरी कार्रवाई की जा रही है।

खातेगांव में राधा अष्टमी पर गूंजा हरे कृष्ण महामंत्र

# इस्कॉन मंदिर में संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु, नन्हीं बालिकाएं बनीं राधा स्वरूप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खातेगांव

खातेगांव की अग्रवाल धर्मशाला में शनिवार रात इस्कॉन मंदिर की ओर से राधा अष्टमी पर राधा उत्सव मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हरिनाम संकीर्तन शुरू होते ही पूरा परिसर हरे कृष्ण हरे कृष्ण...ह्व के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु कीर्तन की धुन पर झूमते नजर आए।

उत्सव में नन्हीं बालिकाएं राधारानी का स्वरूप धारण कर पहुंचीं। आकर्षक वेशभूषा और श्रृंगार में सजी बालिकाएं



श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों की भागीदारी से उत्सव का माहौल और भक्तिमय हो गया। राधा उत्सव के दौरान राधारानी का विधिवत अभिषेक किया गया। इसके बाद विशेष आरती हुई। श्रद्धालुओं ने आरती में शामिल होकर राधारानी और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। हरिनाम संकीर्तन और जयघोष से धर्मशाला परिसर गुंजता रहा।

पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

हिमालेश्वर धाम चोरी पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

# चार दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा लोगों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

पोलायकलां क्षेत्र के मोरटा केवड़ी स्थित श्री हिमालेश्वर धाम में 13-14 सितंबर की रात हुई चोरी का चार दिन बाद भी खुलासा नहीं होने पर शनिवार को सैकड़ों ग्रामीण पुलिस चौकी पहुंच गए।

ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी हुआ सामान बरामद करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि पांच दिन में वारदात का खुलासा नहीं हुआ तो चक्काजाम किया जाएगा। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे ग्रामीण पोलायकलां पुलिस चौकी पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार भागीरथ जायसवाल को कलेक्टर ऋजु बाफना और एसपी प्रियंका शुक्ला के नाम ज्ञापन सौंपा। बेरछा एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह को भी ज्ञापन दिया गया। ग्रामीणों ने मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपियों की पहचान, गिरफ्तारी और चोरी का सामान बरामद करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि हिमालेश्वर धाम क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल है।

**करीब 3 लाख रुपए का सामान चोरी**

ग्रामीणों के मुताबिक, 13 और 14 सितंबर की रात मंदिर परिसर में चोरी हुई थी। इसमें करीब 3 लाख रुपए का सामान चोरी होने की बात सामने आई थी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता राजेश भोई पिता पन्नालालजी जाति भोई निवासी ग्राम कायदखेड़ी तह. सांवेर जिला इन्दौर के मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 511/1 रकबा 1.50 हे., सर्वे नम्बर 512 रकबा 0.42 हे. कुलकिता 02 कुल रकबा 1.92 हे. भूमि ग्राम सनावदा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मे स्थित होकर उपरोक्त भूमि को बिकी करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है बिकी कि गई भूमि का विक्रय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकीय अर्द्धशासकिय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी। सूचित हो। दिनांक-20/09/2026

पन्नालाल त्रिवेदी (एडव्होकेट) विकास त्रिवेदी (से.प्र.)
कोर्ट परिसर बड़नगर
मो.न. 8871902775

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार हुमेरसिंह पिता अर्जुनसिंह जाति राजपुत निवासी ग्राम लसुडिया चुवड से उनके द्वारा अनुबन्धित भुमि ग्राम लसुडिया चुवड मे स्थित होकर जिसका सर्वे नम्बर 488/1 रकबा 1.57 हेक्टर मे से रकबा 0.20 हे, सर्वे नम्बर 488/2/1 रकबा 0.56 हेक्टर मे से रकबा 0.23 हेक्टर, तथा सर्वे नम्बर 488/2/2 रकबा 0.17 हेक्टर इस प्रकार कुल भुमि 0.60 हेक्टर जिस पर राजस्व के शासकीय रिकार्ड में रमेश माली एवं मुकेश माली एवं उनके परिवार का नाम दर्ज है को क्रय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी है।

यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष में रहन, बय, दान, आदि की हुई हो, अथवा उक्त भुमि के किसी भी वैध उत्तराधिकारियों का भुमि में किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफिस में मिले व आपत्ति पेश करे ।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता है कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धन कारक नहीं रहेगी दिनांक 20/09/2026

जाकिर हुसैन एडव्होकेट
पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चोक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जैन मोबा 98278-47404 एवं 99260-66398

# पुलिस लाईन मे चोरी करने वालों को दो वर्ष का सश्रम कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

पुलिस लाइन में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो चोरों को अदालत ने दो वर्ष के कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया है। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शाजापुर द्वारा आरोपी सलमान अली उर्फ सलमान क्वाटर पिता महबूब अली आयु 29 वर्ष, निवासी पटेलवाड़ी मीठा कुआ सारंगपुर, जिला राजगढ़ को धारा 305 (ए) बीएनएस में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए जुर्माना व धारा 331(4) बीएनएस में 02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए जुर्माना एवं आरोपी अकरम पिता मेहमूद खां, आयु 38 वर्ष, नि. गोलावाड़ी, सारंगपुर, जिला राजगढ़ को धारा 317(2) बीएनएस में 01 वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपए जुर्माने से दण्डित किया गया है।



जिला मीडिया सेल प्रभारी शाजापुर प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि फरियादी नीलू पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शासकीय आवास पुलिस लाईन शाजापुर में निवासरत है और उसके शासकीय आवास से अज्ञात बदमाशों ने सोने-चांदी के आभूषणों तथा 30000 रुपए चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया और विवेचना के दौरान संदेही सलमान अली को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिसमें सलमान ने अपराध करना स्वीकार किया। साथ ही चोरी के कुछ आभूषण अकरम को बेचना बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों से चोरी के आभूषण जप्त किए तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। दोषसिद्धि का प्रमुख आधार आरोपियों के कब्जे से चोरी गए आभूषण की जप्ती रहा तथा आरोपी सलमान की पहचान करवाने में सीसीटीवी की भूमिका अहम रही है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी तुलसी मानकर सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी शाजापुर द्वारा की गई। न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते आरोपी को दण्डित किया।

## न्यूज-कॉलम

### पेंशनरों की 10 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर 23 को मंदसौर में होगा विशाल प्रदर्शन

**मन्दसौर।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मंदसौर के तत्वावधान में पेंशनरों की लंबित 10 सूत्रीय मांगों के त्वरित निराकरण हेतु विशाल ज्ञापन प्रदर्शन आगामी 23 सितंबर, बुधवार को दोपहर 2.30 बजे जिले भर के पेंशनर गांधी चौराहा, मंदसौर पर एकत्र होंगे। वहाँ से वे रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुँचकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपेंगे। पेंशनर महासंघ की प्रमुख मांगों में जनवरी 2026 से देय दो प्रतिशत महंगाई राहत का एरियर सहित भुगतान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, माननीय न्यायालय के 2 मार्च 2020 के निर्णय के परिपालन में 32 माह तथा २७ माह के बकाया एरियर के अविलंब भुगतान की मांग को भी प्रमुखता से उठाया गया है। पेंशनर महासंघ के श्रवणकुमार त्रिपाठी, रमेशचन्द्र चन्द्रे व रामप्रताप वाक्तरिया, देवीलाल सेठिया, चन्द्रकला सेठिया, चन्द्रकान्त शर्मा, कोमल वाणवार, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, करणसिंह चौहान, अजीजुल्ला खान पदाधिकारियों से उपस्थित रहने की अपील की है।

### अनन्त चतुर्दशी पर अखाड़ों और झांकियों के लिए बैठक आयोजित

**रतलाम।** आगामी अनन्त चतुर्दशी एवं गणेश उत्सव के अवसर पर शहर में निकलने वाले अखाड़ों और झांकियों के सुगम, अनुशासित व शांतिपूर्ण संचालन को लेकर पुराने पुलिस कंट्रोल रूम पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने अखाड़ा व झांकी आयोजकों के साथ आयोजन की तैयारियों और मार्ग व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो ने बताया कि 25 सितंबर की शाम को अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर निकलने वाले अखाड़ों और झांकियों के संबंध में सभी आयोजकों को बैठक में ब्रीफ किया गया है। बैठक के दौरान आयोजकों से जुलूस के मार्ग, बिजली व्यवस्था, सुरक्षा और मंच लगाने से जुड़ी समस्याओं व आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली गई और उनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

# मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद का प्रतिभा सम्मान एवं पत्रिका विमोचन समारोह का हुआ आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

सामाजिक एकजुटता युवाओं के मार्गदर्शन एवं वैवाहिक संबंधों को उद्देश्य से मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद द्वारा दो दिवसीय आयोजन सागोद रोड़ स्थित देवश्री गार्डन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत आज 19 सितम्बर रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नागर वैभव पत्रिका का विमोचन किया गया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के नर्सरी से लेकर स्नाकोत्तर तक के 68 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन के डॉ. अरूण व्यास, विशेष अतिथि समाजसेवी भाजपा नेता महादेव प्रसाद नागर एवं शिक्षाविद् सुश्री श्वेता नागर द्वारा सम्मानित किया गया । साथ ही सेवानिवृत्त एवं नागर ब्राह्मण समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं एवं नवागंतुक 5 सदस्यों का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम का भगवान हाटकेश्वर की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण एवं मंगलाचरण के साथ शुभारम्भ हुआ। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष पं. जितेन्द्र नागर, संदीप जोशी, निर्मल व्यास, बबलु, ओम त्रिवेदी, हेमंत भट्ट, धर्मेन्द्र नागर, महेश रावल, नवनीत मेहता, दिलीप मेहता, सत्येन्द्र मेहता, पवन दवे, रितेश मंडलोई, राकेश नागर, राजेन्द्र रावल ने दुपट्टा एवं माला पहनाकर किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय स्तर की स्मारिका नागर वैभव का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। जिसका सम्पादक ओम त्रिवेदी एवं सह सम्पादक मनीष रावल, आशीष नागर ने किया। ओम त्रिवेदी ने बताया कि 120 पृष्ठों वाली रंगीन स्मारिका को सुंदर कलेवर के साथ संजोया गया है। इसमें 300 से अधिक नागर ब्राह्मण युवक युवतियों का वैवाहिक रिश्तों के लिए सचित्र बायोडाटा सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के साथ संकलन करने योग्य है । यह स्मारिका वैवाहिक रिश्ते तय करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अध्यक्ष पं. जितेन्द्र नागर ने दो दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को श्वेता नागर ने संबोधित करते हुए कहा कि असफलता को सफल होने पर भी हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। क्योंकि असफलता ही सफलता की जननी है। महादेव प्रसाद नागर ने कहा कि आज के कार्यक्रम से मैं बहुत प्रभावित हूं। इस कार्यक्रम की सभी कार्यकताओं की बहुत-बहुत बधाई।

मुख्य अतिथि ने रतलाम की पुरी टीम को बधाई एवं शुभारम्भ देते हुए कहा कि समाज में संस्कार का होना बहुत जरूरी है। बच्चों को संस्कारवान बनाने में मातृशक्ति की बहुत बड़ी भूमिका रहती है। अतः शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है।

कार्यक्रम का संचालन विवेक नागर तथा आभार संदीप जोशी ने व्यक्त किया । हाटकेश्वर न्यास अध्यक्ष संजय दवे एवं महिला परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी रावल भी अतिथियों के साथ मंचासीन रहे। कार्यक्रम पश्चात संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें भजनों की थाप पर महिलाओं ने भावविभोर होकर नृत्य किया।

## ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, बच्ची और महिला की मौत; 18 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



जिले के दलोदा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखमाखेड़ी फंटे के पास शनिवार और रविवार की दरमियानी रात हुए भीषण सड़क हादसे में मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ट्रॉली सवार 6 वर्षीय बालिका और 45 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 अन्य मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और उसमें सवार मजदूर व उनका सामान सड़क पर बिखर गया। घटना की सूचना मिलते ही अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एसडीएम, तहसीलदार एवं दलोदा थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी मौके पर एवं जिला अस्पताल पहुँचे। अधिकारियों ने घायलों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल सभी रतलाम जिले के रावटी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहने वाले हैं तथा आपस में रिश्तेदार हैं। ये मजदूर मंदसौर में रेलवे निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। शनिवार रात काम समाप्त करने के बाद वे ट्रैक्टर-ट्रॉली से उज्जैन के लिए रवाना हुए थे, तभी लखमा खेड़ी फंटे के पास यह हादसा हो गया। हादसे में 18 वर्षीय युवती कल्पना भील के दोनों पैर घुटने के नीचे से कट गए। इसके अलावा दो छोटे बच्चों (4 वर्ष एवं 8 वर्ष) के पैरों में गंभीर फ्रैक्चर आया है। इन तीनों गंभीर घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जिला अस्पताल मंदसौर में भर्ती चंचल भील को सिर व पैर में चोटें आई हैं, जबकि नीरू भील की कमर में फ्रैक्चर है। अन्य घायलों शंकर भील सविता भील और सोनू भील का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। वहीं, प्राथमिक उपचार के बाद राहुल, सुरपाल, लीला, आशा, गोपाल, मनीष, पूजा, करण और पप्पूडी सहित अन्य 9 घायलों को छुट्टी दे दी गई है।

## लग्जरी कार और आईफोन के साथ तीन शातिर नशा तस्कर दबोचे



**मंदसौर।** एसपी विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दलौदा और सुवासरा थाना पुलिस की अलग-अलग कार्रवाइयों में 1 किलो अफीम और 20 किलो डोडाचूरा जप्त करते हुए एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में दलौदा थाना पुलिस को ने मुखबिर से सूचना पर महू-नीमच हाईवे पर दबिश दी। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे १९ वर्षीय युवक मोहित पिता जगदीश प्रजापत, निवासी गांधीग्राम हा.मु. पिपलियामंडी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से शर्ट के अंदर छिपाई गई 1 किलो अवैध अफीम और एक आईफोन मोबाइल बरामद हुआ। दूसरी बड़ी कार्रवाई में सुवासरा थाना पुलिस ने तकतपुरा-अजयपुर रोड पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध बोलेरो वाहन क्र. एमपी 14 सी 2063 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे ट्रॉली बैग से 20 किलोग्राम पिसा हुआ डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से बोलेरो सवार आरोपी शिवसिंह पिता भंवरसिंह गुर्जर निवासी कान्हाहेड़ा और वैशाली उर्फ आरती चौहान निवासी सहारनपुर, उ.प्र.को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 28 हजार रुपये मूल्य का डोडाचूरा, बोलेरो गाड़ी और दो एंड्रॉइड मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं। सुवासरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## न्यूज कालम



### महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में च्संकल्प सेवा अभियानज का आयोजन

**मन्दसौर।** महारानी लक्ष्मीबाई शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर में च्संकल्प सेवा अभियानज के अंतर्गत एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य राजेश रत्नावत के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों ने अत्यंत उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय दुबेला, अनिल कियावत एवं नितिन ब्रिजवानी उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को समाज सेवा, अनुशासन और कर्तव्य बोध के प्रति प्रेरित किया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए छात्राओं ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए कपड़े की थैलियां बनाईं। इसके माध्यम से संदेश दिया गया कि प्लास्टिक से पर्यावरण दूषित होता है और कपड़े की थैली का प्रयोग कर-के हम स्वच्छ भारत अभियान में अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन रेणुका आचार्य ने किया।

### दुग्ध सहकारी समिति द्वारा ग्यारह सुत्री मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन



**पिपलिया मंडी।** मन्दसौर दुग्ध संघ उज्जैन के सांची शीत केन्द्र मन्दसौर महा प्रबन्धक मुकेश आचार्य को अपनी जायज मांगों को लेकर सचिव कर्मचारी सधटन के अध्यक्ष श्री नवलसीह दुग्ध समीती आडमलीय के नेतृत्व में सधटन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भारी बारिश के बाबजूद भारी संख्या में उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन का वाचन धनश्याम जी पाटीदार दुग्ध समीती नेनोरा द्वारा किया गया दुग्ध समीतीयो के भाव में बढ़ोत्तरी सहीत ग्यारह सुत्री मांगो को जल्द मंजूर करे अन्यथा सधटन द्वारा आन्दोलन किया जावेगा।

### छात्रों की गुंज को लेकर राहुलगांधी पर मुख्यमंत्री की टिप्पणी उनकी बौखलाहट

**मल्हारगढ़।** इंदौर में आयोजित " छात्रों की गूंज" कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता को भाजपा पचा नही पारही है ओर यह साफ साफ मुख्यमंत्री जी की बौखला हट है ।उक्त बात प्रदेश के सचिव परशुराम सिसोदिया,जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने लगाते हुवे कहा कि नेता विपक्ष तथ्यो एवं पूर्ण जानकारी के साथ ही संवाद करते है। छात्रों की गूंज कार्यक्रम में लाखो की संख्या में छात्र मोदी एवं मोहन सरकार के खिलाफ उनकी शिक्षा नीति,बार बार पेपर लीक देश मे बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई सहित अन्य समस्याओं को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने आये थे ।सिसोदिया एवं शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने 2 करोड़ नोकरियो का वादा किया था साथ ही वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने की भी बात कही थी पर एक भी वादा आज तक पूरा नही हुवा।




## नीमच में शीघ्र शुरू होगा एयरपोर्ट, सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम का होगा निर्माण : मुख्यमंत्री

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है, कि नीमच में शीघ्र ही एयरपोर्ट बनाया जायेगा। साथ ही खेल सुविधाओं में विस्तार के लिये सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनाया जायेगा। प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में एक लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। आगामी ढाई वर्षों में साढ़े तीन लाख से अधिक भर्तियां और की जायेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज नीमच के अग्रोहा भवन में आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अभिनंदन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में उनके योगदान का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा से संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी जिलों में सेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प से ही शक्ति और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है तथा प्रदेश सरकार इसी भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच के विकास, नागरिकों के जुझारूपन और उद्यमशीलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को आयोजित आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम सनातन परंपरा और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

## पर्युषण पर्व के समापन पर निकला भव्य वरघोड़ा, सिद्धी तप के तपस्वियों की हुई अनुमोदना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के समापन एवं तपस्वी अविश नाहटा तथा नरेश जैन की 45 दिवसीय सिद्धी तप की उत्कृष्ट तपस्या के अनुमोदनार्थ श्री आराधना भवन जैन श्रीसंघ द्वारा भव्य प्रभु पार्श्वनाथजी की रथयात्रा एवं तपस्वियों का वरघोड़ा (जुलूस) निकाला गया।

बैण्ड-बाजों के साथ नई आबादी स्थित आराधना भवन मंदिर से प्रारंभ हुआ यह चल समारोह माहेश्वरी भवन पहुँचा। श्रीसंघ से जुड़े परिवारों ने चल समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया और दोनों तपस्वियों की भक्ति भाव से अनुमोदना की।

प.पू. आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. आदि ठाणा 11, जैन संत मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा. आदि ठाणा २ तथा साध्वी श्री शीलरेखा श्रीजी म.सा. की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में निकले इस आयोजन में आराधना भवन जैन मंदिर से जुड़े परिवारों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। श्रद्धालुओं ने तपस्या की अनुमोदना और पर्युषण पर्व के समापन की प्रसन्नता में नृत्य भी किया। जुलूस में शामिल प्रभुजी के रथ की जगह-जगह गहुली की गई।

वहीं, महिला श्राविकाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूर्ण अनुशासन के साथ सहभागिता की। चल समारोह माहेश्वरी धर्मशाला पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हो गया। यहाँ दोनों तपस्वियों का श्रीसंघ, चातुर्मास समिति एवं विभिन्न जैन संस्थाओं द्वारा शाल व श्रीफल भेंटकर बहुमान किया गया।

धर्मसभा में आराधना भवन श्रीसंघ एवं नागेश्वर पूनम मंडल द्वारा भी दोनों तपस्वियों का बहुमान किया गया। इस दौरान विधायक विपिन जैन, आराधना भवन श्रीसंघ अध्यक्ष महेश जैन तहलका, ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, ट्रस्ट के अमित छिंगावत, पप्पू जैन लदूना, अनिल धींग, निलेश बम्बोरिया, महेन्द्र जैन, सुनील जैन, कमल कोठारी, सुनील जैन बालावत, अनिल जैन फ्लाइकिंग, आदि उपस्थित थे।

## सीएम ने नीमच के गांधी सागर में चीतों को छोड़ा, अब संख्या चार हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को गांधी सागर अभयारण्य में मादा चीता सीसीबी-2 को वन क्षेत्र में विमुक्त किया। राधाष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मादा चीता का नामकरण किया और प्रदेशवासियों को इस अवसर पर बधाई दी। मादा चीता के गांधी सागर पहुंचने के साथ ही अभयारण्य में चीतों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। यहां अब दो नर चीते प्रभाष और पावक तथा दो मादा चीते धीरा और राधा मौजूद हैं।

चीता पुनर्स्थापना परियोजना के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गरोठ विधायक श्री चंदर सिंह सिसोदिया, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू, प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश शासन श्री राघवेंद्र सिंह,प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वाइल्डलाइफ) श्रीमती समिता राजोरा, सहित वन विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में प्रोजेक्ट चीता निरंतर आगे बढ़ रहा है। चीतों की बढ़ती संख्या वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता और वन विभाग के सतत प्रयासों को दशार्ती है। मध्यप्रदेश वन्यजीव विविधता से समृद्ध प्रदेश है और टाइगर स्टेट के रूप में अपनी पहचान के साथ वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी सागर अभयारण्य में चीतों की उपस्थिति से इस क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। चीता संरक्षण के साथ रोजगार एवं पर्यटन गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी विकसित होंगी।



## कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम (म.प्र.)

**Municipal Corporation Office, Ratlam, M.P. (RMC) 01, College Road Ratlam, (457001), Tel- 07412-270555 Fax, 07412-270558, E-mail-Commratlam@mpurban.gov.in, In Website:www.rmcratlam.in**

क्रमांक/1338,1345/लो.नि.वि./2026 — रतलाम, दिनांक 9 व 10-9-2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| 1- | क्रमांक 1338/लो.नि.वि./2026 दिनांक 09-09-2026 से जारी ई-निविदा क्रमांक 535010 कार्य वर्ष 2025-26 हेतु एम सेंड (एम रेत) क्रय करने का कार्य एस्टीमेट अनुसार (प्रथम आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि रुपये 800000/-, EMD-16000, प्रपत्र शुल्क- 2000/- समयावधि 06 माह, अंतिम तिथि 23.09.2026 को 15.30 बजे |
| 2- | क्रमांक 1345/लो.नि.वि./2026 दिनांक 11-09-2026 से जारी ई-निविदा क्रमांक 535573 कार्य वार्ड क्रमांक 26 मेहताजी का वास में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 450180/-, EMD-90010/- |
| 3- | ई-निविदा क्रमांक 535574 कार्य वार्ड क्रमांक 30 रहमत नगर में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य (एस्टीमेट अनुसार) (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 847700/-, EMD-16954/- |
| 4- | ई-निविदा क्रमांक 535575 कार्य वार्ड क्रमांक 35 धानमंडी व नाहरपुरा क्षेत्र में ड्रेनेज पाईप एवं नाली निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 317940/-, EMD-6360/- |
| 5- | ई-निविदा क्रमांक 535577 कार्य वार्ड क्रमांक 36 महालक्ष्मी नगर कालोनी में डामरीकरण सडक निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 1601870/-, EMD-32040/- |
| 6- | ई-निविदा क्रमांक 535578 कार्य वार्ड क्रमांक 36 रामबाग कालोनी में बगीचे का विकास कार्य एस्टीमेट अनुसार (प्रथम आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 776700/-, EMD-15535/- |
| 7- | ई-निविदा क्रमांक 535579 कार्य वार्ड क्रमांक 37 शेरानीपुरा गफ्फार भाई के घर से वारिस भाई के घर तक सी.सी. रिन्युअल कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 214370/-, EMD-4290/- |
| 8- | ई-निविदा क्रमांक 535580 कार्य वार्ड क्रमांक 37 शेरानीपुरा वासिद भाई के घर से जहीर भाई के घर तक सी.सी. रिन्युअल कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 504100/-, EMD-10085/- |
| 9- | ई-निविदा क्रमांक 535581 कार्य वार्ड क्रमांक 37 मरकस मस्जिद के पीछे राज बैंड वाली गली में सी.सी. रिन्युअल कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 628630/-, EMD-12580/- |
| 10- | ई-निविदा क्रमांक 535582 कार्य वार्ड क्रमांक 37 शेरानीपुरा रुकमान भाई के घर से हसन के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 334760/-, EMD-6700/- |
| 11- | ई-निविदा क्रमांक 535583 कार्य वार्ड क्रमांक 38 थावरिया बाजार सकलेचा होटल के सामने नाली निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 726030/-, EMD-14525/- |
| 12- | ई-निविदा क्रमांक 535585 कार्य वार्ड क्रमांक 43 ताल वालों की गली में पाईप स्थापना कार्य एस्टीमेट अनुसार (चतुर्थ आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 1496260/-, EMD-29925/- |
| 13- | ई-निविदा क्रमांक 535586 कार्य वार्ड क्रमांक 43 मे सी.सी. रिन्युअल कोट कार्य एस्टीमेट अनुसार (प्रथम आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 745290/-, EMD-14910/- |
| 14- | ई-निविदा क्रमांक 535587 कार्य वार्ड क्रमांक 44/45 बाजना बस स्टेण्ड से ईदगाह रोड तक डामरीकरण कार्य एस्टीमेट अनुसार (तृतीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 2948700/-, EMD-58975/- |
| 15- | ई-निविदा क्रमांक 535588 कार्य वार्ड क्रमांक 46 सिंधी कालोनी राजेन्द्र नगर में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 621990/-, EMD-12440/- |
| 16- | ई-निविदा क्रमांक 535589 कार्य वार्ड क्रमांक 47 नयापुरा में सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 348945/-, EMD-6980/- |
| नोट- बिन्दु क्रमांक 2 से 16 तक की ई-निविदाओं की कार्य अवधि पृथक-पृथक 03-03 माह, प्रपत्र शुल्क 2000-2000/- अंतिम तिथि 25.09.2026 समय 15.30 बजे नियत है। | |
| 17- | ई-निविदा क्रमांक 535590 कार्य वार्ड क्रमांक 49 काशीनाथ नोहरा में (नीम चौक) सब्जी मंडी में आवश्यक निर्माण कार्य कराये जाने का कार्य एस्टीमेट अनुसार (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि 6286000/-, EMD-62860/-, प्रपत्र शुल्क 10000/-, कार्य अवधि 04 माह, अंतिम तिथि 25.09.2026, समय 15.30 बजे नियत है। |
| नोट- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। | |

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, रतलाम**

## पार्वती नदी के पुल को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में विधानसभा क्षेत्र नरसिंहगढ़ अंतर्गत जिला भोपाल के बैरसियाझरुनाहाझनरसिंहगढ़ मार्ग के किमी 9/2 पर पार्वती नदी में उच्चस्तरीय पुल के निर्माण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। पुल निर्माण के लिए 24 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने 2 सितंबर 2026 को नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा को पत्र जारी कर स्वीकृति की जानकारी दी। स्वीकृति की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबे समय से पुल की आवश्यकता महसूस कर रहे ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रवासियों ने इसे महत्वपूर्ण विकास कार्य बताते हुए खुशी जाहिर की और विधायक मोहन शर्मा सहित शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जगमगाया गोगापुर सरोवर जगमगायें पांच हजार दीपक

**महिदपुर रोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पर 17 सितंबर गुरुवार को गोगा प्रोग्राम पंचायत द्वारा जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में गोगापुर मार्ग पर स्थित तालाब के घाटों पर एक साथ पांच दीपक प्रज्वलित किये गये। जानकारी देते हुए पंचायत सचिव रमेश शर्मा ने बताया आयोजन में ग्राम पंचायत ऋतु पाटीदार गुरुचरण सिंह चौहान कुबेर सिंह पंवार पल्लव पोरवाल दीपक जाट सहित ग्राम पंचायत के सभी पंच तथा बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे।

## युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किए गणेश पंडालों में दर्शन



**तराना।** शुक्रवार रात को नगर मैं भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर तराना नगर में आए थे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आकाश बोडाना ने बताया कि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हरजीत सिंह कड़ोदिया करीब 8:30 बजे तराना आए थे। उनके द्वारा तराना चा राजा गणेश पंडाल में आरती की गई। उपस्थित जनों से संवाद भी किया गया। अर्पित बेकारिया ने बताया कि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष द्वारा बजरंग कॉलोनी के महाराज गणेश उत्सव पंडाल में पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। साथ ही नगर के विभिन्न गणेश पंडालो में मंदिरों में दर्शन आदि किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्री बाल गणेश समिति के बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**महिदपुर रोड।** नगर के पुरानी पुलिस चौकी मार्ग पर श्री बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा गणेश चतुर्थी के दिन विधि-विधान के साथ मंगलमूर्ति गणेश जी की स्थापना की जाकर रोजाना शाम को आरती मोहल्ले के अमृतलाल फरक्या सुमेर सिंह दांगी जीवन सिंह दांगी रविराज ट्रेलर अनिल पोरवाल आयुषी शानू मीणा प्रशांत पोरवाल के सहयोग से तथा डॉक्टर सीमा गुलाटी आरती तनेजा व मोहल्ले की अन्य महिलाओं के मार्गदर्शन में रोजाना सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे है। शनिवार को आरती के उप रांत बच्चों ने भजनों तथा धार्मिक गानों पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

## शव को सड़क पर रख थाना प्रभारी से की अभद्रता

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सुठालिया बाईपास पर भगोरा निवासी राकेश पिता जगदीश सोंधिया 19 वर्ष में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लीसिटी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल भेजा जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया लेकिन महेश सोंधिया ने थाने के बाहर सड़क पर शव लेकर आ गया और कार्रवाई की मांग करने लगा थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान द्वारा समझाइश के बावजूद वह थाना प्रभारी से अभद्र व्यवहार कर हाथापाई करने लगा जिससे थाना प्रभारी के हाथ में चोट आई महेश सोंधिया पर कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### सुविधाः आधार-ओटीपी से होगा सत्यापन, किसान घर बैठे चुन सकेंगे खाद, मात्रा, केंद्र और तारीख

# अब खाद के लिए कतार नहीं, मोबाइल से बुकिंग, वाट्सएप पर मिलेगा टोकन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।**

रबी सीजन में यूरिया-डीएपी के लिए खाद केंद्रों पर लगने वाली लंबी कतारों और बार-बार चक्कर लगाने की परेशानी कम करने के लिए कृषि विभाग ने नई व्यवस्था शुरू की है। अब किसान ह्वाट्सएप के जरिए घर बैठे खाद की बुकिंग कर डिजिटल टोकन प्राप्त कर सकेंगे। पहले ई-टोकन की सुविधा पोर्टल के माध्यम से थी, जिसे अब सोशल मीडिया आधारित चैटबॉट से जोडा गया है। राजगढ जिले में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है और रबी सीजन में व्यवस्था लागू की जाएगी।

आधार-ओटीपी से पहचान, फिर स्क्रीन पर आएगी जमीन की जानकारी

किसान को कृषि विभाग के आधिकारिक ह्वाट्सएप बिजनेस नंबर पर मैसेज भेजकर हेल्प या फर्टिलाइजर लिखना होगा। इसके बाद चैटबॉट आगे की प्रक्रिया बताएगा। किसान का रजिस्टर्ड आधार नंबर लिया जाएगा और आधार से जुडे मोबाइल पर आए ओटीपी से सत्यापन होगा। इसके बाद स्क्रीन पर किसान की जमीन, जिला और खसरा संबंधी जानकारी दिखाई देगी। जानकारी कन्फर्म करने के बाद उपलब्ध स्टॉक के अनुसार यूरिया, डीएपी या अन्य उर्वरक के विकल्प सामने आएंगे।

बुकिंग प्रक्रिया में किसान अपनी जरूरत के अनुसार खाद और निर्धारित मात्रा चुन सकेगा। इसके बाद उपलब्ध विक्रेता व वितरण केंद्रों की जानकारी मिलेगी। किसान अपनी सुविधा के अनुसार केंद्र और उठाव की तारीख तय कर सकेगा। बुकिंग पूरी होने के बाद ह्वाट्सएप पर डिजिटल टोकन और क्यूआर कोड भेजा जाएगा। इसमें टोकन नंबर, खाद का प्रकार, मात्रा, विक्रेता, उठाव की तारीख और वैधता की जानकारी रहेगी।

तय तारीख पर किसान को संबंधित खाद वितरण केंद्र पहुंचना होगा। वहां मोबाइल में प्राप्त डिजिटल टोकन का क्यूआर कोड दिखाकर सत्यापन कराया जाएगा और इसके बाद खाद का उठाव किया जा सकेगा। विभाग का मानना है कि इससे अनावश्यक भीड कम होगी, किसानों का समय बचेगा और खाद वितरण में पारदर्शिता बढेगी।




**ऐसे होगी खाद की बुकिंग**

वाट्सएप पर हेल्प/ फर्टिलाइजर लिखें, आधार नंबर दर्ज करें, ओटीपी से सत्यापन, जमीन-खसरा विवरण कन्फर्म, उपलब्ध स्टॉक में खाद चुनें, केंद्र व तारीख चुनें और डिजिटल टोकन प्राप्त करें। यदि किसान का ई-विकास पोर्टल पर पंजीयन नहीं है तो आधार के माध्यम से पंजीयन कर टोकन बुक किया जा सकेगा।

**पायलट प्रोजेक्ट में योजना**

किसानों को नई व्यवस्था की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। सोशल मीडिया के माध्यम से खाद टोकन बुक करने की व्यवस्था पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजगढ जिले में शुरू होगी। रबी सीजन में किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

**राजेश राजपूत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी,**

### बड़नगर में सेवा संकल्प दीप उत्सव

# आतिशबाजी और 5100 दीपों से मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर मंडल ने सेवा संकल्प दीप उत्सव मनाया।

मुख्य आयोजन स्थानीय त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर, पंढरीनाथ कुंड परिसर पर हुआ। यहां भव्य आतिशबाजी के साथ 5100 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी आयु एवं देश-विश्व कल्याण की कामना के साथ भगवान त्र्यंबकेश्वर महादेव की आरती की गई और महाप्रसादी वितरित की गई। इससे पूर्व सभी वार्डों में भी दीप प्रज्वलित किए गए।

कार्यक्रम विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़ व त्र्यंबकेश्वर मित्र मंडल के सदस्यों ने विधायक का साफा पहनाकर व पुष्पमाला भेंट कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, सुकमाल जैन, हरिकिशन मेलवानी, अनीता सतीश वर्मा, विजय चौधरी, भारती चौहान, उषा सोनी, मंडल महामंत्री जगन्नाथ मालवीय, दिलीप जैन, अमित जोशी, भानु प्रकाश पाटीदार, अंकित दवे, लता शर्मा, विनीता वर्मा, राहुल शर्मा, लोकेंद्र सिंह पवार, गुलशन खटोड़, आशुतोष शर्मा, विनय बादशाह, शुभम आचार्य, अंकित पाटौदी, सैयद साजिद अली, सिराज भाई, सहित भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## 90.6 प्रतिशत अंक हासिल करने पर तस्मिया को सीएम ने सौंपी स्कूटी की चाबी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर**



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर की कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की प्रतिभावान छात्रा तस्मिया पिता मोहम्मद सिराज ताई ने बोर्ड परीक्षा 2025-26 में 90.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया। छात्रा ने सीमित संसाधनों के बावजूद सरकारी विद्यालय में अध्ययन करते हुए घर पर नियमित मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की।

छात्रा की इस उपलब्धि पर उसे मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत सम्मानित किया गया। 19 सितंबर 2026 को भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छात्रा तस्मिया को स्कूटी की चाबी प्रदान की।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, राहत एवं पुनर्वास मंत्री विजय शाह तथा भोपाल नगर निगम महापौर मालती राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

तस्मिया की इस सफलता पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, विद्यालय स्टाफ, परिजनों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सीजन की सबसे भीषण बारिश का पानी कई घरों और दुकानों में घुसा

### आम नागरिकों को हुई भारी परेशानी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।**



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में बीती रात मौसम ने अचानक करवट बदली शहर में तेज बारिश को इस सीजन की अब तक की सबसे भीषण बारिश माना जा रहा है बारिश के कारण शहर के मुख्य सड़कों पर पानी भर गया देखते ही देखते कई सड़के तालाब में तब्दील हो गई, जल भराव की वजह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हुई और कई घरों और दुकानों में पानी घुस जाने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा हालांकि सुबह दिन का मौसम खुला रहा, शहर के भवरगंज, पंचमुखी हनुमान मंदिर, इंदौर नाका, अंजनीलाल मंदिर रोड, अहिंसा द्वार में पानी भर गया, रात को हुई तेज बारिश से अजनार नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी, इंदौर नाका स्थित बड़ा पुल एवं सिविल अस्पताल रोड पर बनी पुलिया तथा राजगढ़ रोड स्थित पुल पानी में डूब गए,वही शहर की निचली बस्तियों में पानी भर गया नदी नाले उफान भरने लगे।

## बिना सूचना कार्यक्रम स्थल के बदलने पर नाराज हुई छात्राएं, किया प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना**



शनिवार को नगर के पीएम श्री स्कूल की छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर के बाहर मुख्य सड़क मार्ग पर धरना प्रदर्शन किया गया। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया।छात्राओं के प्रदर्शन को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का भी साथ मिला परिषद के जिला संयोजक उज्जैन ग्रामीण राजदीप सिंह चावड़ा ने बताया कि शनिवार को विद्यालय में बालरंग प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना था।

कार्यक्रम के लिए छात्राएं प्रस्तुति देने के लिए विद्यालय परिसर में पहुंची थी लेकिन यहां पर कार्यक्रम पीएम श्री स्कूल परिसर की जगह पर सांदीपनि विद्यालय परिसर में आयोजित कर दिया गया। जिससे छात्राओं को बडी परेशानियों का सामना करना पड़ा। छात्रों के विरोध के बाद अब यह कार्यक्रम निरस्त हो गया है यह आयोजन तीसरे स्थान पर होगा। वहीं दूसरी ओर मामले में सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान ने बताया कि आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के द्वारा 19/8/2026 को जारी आदेश के निर्देशानुसार उत्कृष्ट विद्यालय तराना के द्वारा प्रतियोगिताएं संपन्न की गई है। आदेश के बिंदु 3.2 के अनुसार इस प्रतियोगिता को विकासखंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न की गई है।शनिवार जो घटनाक्रम हुआ उसमें बच्चों को ढाल बनाकर संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय की छवि धूमिल करने का जो प्रयास किया है उसकी विद्यालय परिवार निंदा करता है। उत्कृष्ट विद्यालय एकेडमिक रूप से पुरे विकासखंड का नोडल स्कूल होता है तथा विकासखंड के सभी विद्यार्थी हमारे अपने हैं।

### पांचवें दिन भी नहीं टूटा किसानों का हौसला, नौ किसान पानी के सहारे

# सुठालिया परियोजना की मुआवजा विसंगति को लेकर अनशन जारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा**




सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की मुआवजा विसंगति एवं 9 सूत्रीय मांगों को लेकर जीन ग्राउंड, सुठालिया में शुरू किया गया अनिश्चितकालीन अनशन पांचवें दिन भी जारी रहा। अनशन पर बैठे नौ किसान पांच दिनों से केवल पानी के सहारे हैं। किसानों के अनुसार लगातार भूख हड़ताल के कारण कई अनशनकारियों का वजन करीब चार किलो तक कम हो गया है, इसके बावजूद वे अपनी मांगों पर डटे हुए हैं। अनशन के पांचवें दिन आंदोलन को समर्थन देने के लिए सैकड़ों किसान जीन ग्राउंड पहुंचे। सुठालिया व्यापारी एसोसिएशन ने भी डैम प्रभावित किसानों के आंदोलन को समर्थन देते हुए किसानों की मांगों के साथ खड़े होने की घोषणा की।

किसानों का कहना है कि पांच दिन से अनशन चल रहा है, लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से अभी तक उनकी मांगों के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों ने कहा कि वे लगातार अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं, लेकिन समाधान की दिशा में ठोस निर्णय सामने नहीं आया है। आंदोलनरत किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी।

किसानों का आरोप है कि सुठालिया सिंचाई परियोजना में प्रभावित किसानों के बीच मुआवजा वितरण में अंतर किया गया है। किसानों का कहना है कि एक ही परियोजना और समान परिस्थितियों में प्रभावित किसानों को अलग-अलग दर से मुआवजा दिया जाना गंभीर विसंगति है। किसानों ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग है कि प्रभावित किसानों के साथ समान व्यवहार करते हुए चार गुना मुआवजा दिया जाए। आंदोलन स्थल पर लगातार नारा गूंज रहा एक ही डैम, एक ही नारा चार गुना अधिकार हमारा।

किसानों ने कहा कि राजगढ़ जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर सत्ता पक्ष के विधायक हैं और जिले से सांसद भी हैं। इसके बावजूद पांच दिनों से भूख हड़ताल कर रहे किसानों की स्थिति जानने के लिए अपेक्षित स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति नहीं रही। किसानों के अनुसार, चौथे दिन शाम को कुछ जनप्रतिनिधि आंदोलन स्थल पर पहुंचे थे, लेकिन उनके अनुसार मुलाकात के बाद कोई ठोस पहल सामने नहीं आई। किसानों ने कहा कि हम किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं हैं, हमारी लड़ाई अपने अधिकार और न्यायपूर्ण मुआवजे के लिए है।

आंदोलन को लेकर किसानों ने बताया कि कुंभराज परियोजना से प्रभावित होने वाले किसानों ने भी सुठालिया के आंदोलन को समर्थन देने का आश्वासन दिया है। किसानों के अनुसार, वे रविवार को आंदोलन स्थल पर पहुंचकर प्रभावित किसानों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की।

**9 सूत्रीय मांगों पर समाधान की मांग**

डैम प्रभावित किसानों ने शासन-प्रशासन से मुआवजा विसंगति दूर करने सहित अपनी सभी 9 सूत्रीय मांगों पर तत्काल चर्चा और समाधान की मांग की है। किसानों का कहना है कि परियोजना के कारण जिन परिवारों ने अपनी जमीन और आजीविका गंवाई है, उनके पुनर्वास एवं मुआवजे से जुड़े सभी मुद्दों का गंभीरता से निराकरण होना चाहिए। अनशनकारियों ने स्पष्ट किया कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक शासन की ओर से उनकी मांगों पर ठोस और संतोषजनक निर्णय नहीं लिया जाता।



## ग्रैंडपेरेंट्स डे वर्धमान हाइट्स विद्यालय में मनाया

**खाचरोद।** विद्यालय द वर्धमान हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, खाचरौद में अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ 'ग्रैंडपेरेंट्स डे' मनाया गया।इस भव्य समारोह में मुख्य अतिथि दयाराम धाकड़ रहे। विशेष अतिथि दिलीप बुपक्या, श्रीमती प्रेमलता बुपक्या एवं रेखा बुपक्या रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं दादा-दादी, नाना-नानी के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से ग्रैंडपेरेंट्स के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा गया कि, दादा-दादी और नाना-नानी हमारे परिवारों की मजबूत नींव हैं। उनका अनुभव, स्नेह और संस्कार ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनते हैं। बच्चे बरगद की उस छाँव की तरह हैं जिसे बुजुर्गों का आशीर्वाद संवारता है। उनका साया हमारे घर-आँगन को हमेशा खुशियों और संस्कारों से महकाता है। ग्रैंडपेरेंट्स के लिए कुछ मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिनमें उन्होंने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी पुरानी यादें ताजा कीं। मनोरंजक खेलों में बच्चों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के साथ पुराने खेल खेले, जैसे सितोलिया, दिया डेकोरेशन आदि में आनंद उठाया।कार्यक्रम के दौरान स्कूल संस्थापक ललित कांकरिया, अध्यक्ष बालेश बुपक्या, डायरेक्टर श्रुति बुपक्या, प्राचार्य येशा भंसाली एवं उप-प्राचार्य राजकुमार सेजवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में, उपस्थित सभी दादा-दादी और नाना-नानी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राज राजेंद्र जयंत सेन विद्या पीठ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**खाचरोद।** राज राजेंद्र जयंत सेन विद्या पीठ खाचरोद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन माननीय अध्यक्ष पी.सी. गुप्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निर्देशानुसार एवं प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद श्रीमती नीतूकांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा राज राजेंद्र जयंत सेन विद्या पीठ खाचरौद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम जिला नीतू कांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफालीसिंह वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश, व्यवहार न्यायाधीश सुश्री निर्मला पटेल, अपर लोक अभियोजन रजनीश उपाध्याय द्वारा बच्चों को विधिक रूप से साक्षर किया गया।आयोजित शिविर में सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य वीना कुंदी मैडम एवं स्कूल प्रबंधक अनिल वागरेचा द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। अपर लोक अभियोजक रजनीश उपाध्याय द्वारा बच्चों को यातायात के नियम के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गई। उसके पश्चात शैफालीसिंह व्यवहार न्यायाधीश द्वारा बेसिक लॉ और व्यवस्थित दैनिक चर्या का जीवन में महत्व को बताया बताते हुए कहा की बच्चों के जीवन में अनुशासन की विशेष आवश्यकता है। द्वीतीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा द्वारा बताया गया कि बच्चों को अपने जीवन को सुदृढ़ कैसे बनाये तथा देश हित, समाज हित में किस प्रकार से कार्य करना चाहिए एवं अपने जीवन को उंचाईयों तक पहुचाने के लिये किस तरह से कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। प्रथम जिला न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा द्वारा बच्चों को साईबर क्राईम के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा साईबर क्राईम से होने वाले अपराधों के बारे में, मोबाईल के दूरुपयोग तथा विधिक रुप से साक्षर होने के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रबंधक अनिल वागरेचा द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त कर उपस्थित अतिथिगण द्वारा दी गई जानकारी को सभी बच्चों को अपने जीवन में चरितार्थ करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## बच्चों ने ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित




**तराना।** सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रमों में तराना मंडल ग्रामीण बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। कनासिया मंडल के सभी स्कूलों में बहुत ही शानदार कार्यक्रम आयोजित किए गए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचनारिया में बच्चों को संबोधित किया। जिन बच्चों ने ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायसिंह परमार सरपंच (महामंत्री) भाजपा तराना मंडल ग्रामीण उपसरपंच, मानसिंह पाटीदार स्कूल के प्रिंसिपल प्रेमनारायण कटारिया राजाराम पाटीदार नंदकिशोर पाटीदार हेमंत परमार संचालन करने वाला जैन साहब आभार व्यक्त किया संजय सोनी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शासकीय स्कूलों में बहुत ही शानदार पढ़ाई हो रही है। बच्चे स्कूटी, लैपटॉप जैसी कई योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। ऐसे सभी शिक्षकों को मैं दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूँ जो दिन-रात मेहनत कर हमारे बच्चों का भविष्य बना रहे हैं।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**सुसनेर।** श्यामपुरा आदर्श विद्या मंदिर श्यामपुरा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र बनाए। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत श्यामपुरा के सरपंच दानू सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की कला प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार की ओर से भी विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, सामाजिक जागरूकता और सेवा भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# इंटीमेट सीन में हुई थी अनकफर्टेबल

राधिका मदान 'लस्ट स्टोरीज 3' में नजर आने वाली हैं। 18 सितंबर को रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म के प्रमोशन में बिजी राधिका ने एक इंटरव्यू में बताया कि इस फिल्म में इंटीमेट सीन करना उनके लिए काफी अजीब था। इस सीन के दौरान उन्हें एक्टर से कहना था कि कहो तुम्हारी मां मैनिपुलेटिव है। एक्ट्रेस ने कहा, ३ये कहते हुए मुझे बहुत अजीब फील हो रहा था। मुझे लगा रहा था कि मैं क्या कर रही हूं।३ हिंदी भाषा की इस एंथोलॉजी फिल्म में अलग-अलग डायरेक्टर्स की कहानियां दिखाई जाती हैं और राधिका इसमें डायरेक्टर शकुन बंत्रा के निर्देशन में काम कर रही हैं। इस सेगमेंट में वह अली फजल के साथ सेंट्रल कपल के तौर पर लीड रोल में हैं। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, सना थम्पी, विजय वर्मा, अभिषेक बनर्जी, सिद्धार्थ और गुरफतेह पीरजादा भी फिल्म में हैं।



# सैयारा टीम की नई लव स्टोरी

## रोमांस होगा और एक्शन भी

'सैयारा' से धमाल मचाने वाली टीम एक बार फिर एकजुट हो गई है। डायरेक्टर मोहित सूरी अब यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) के लिए ही एक मैच्योर और हटके लव स्टोरी बना रहे हैं। इसके लिए उन्होंने अहान पांडे और अनीत पड्डा को ही लीड जोड़ी के तौर पर चुन लिया है। इस फिल्म की शूटिंग को लेकर भी नया अपडेट आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो मोहित सूरी अक्तूबर में मुंबई में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिर गोवा में भी शूटिंग होगी। खबर है कि यह एक अनोखी और मजेदार लव स्टोरी होगी। मोहित ने जुलाई-अगस्त में ही लुक टेस्ट कर लिए हैं और अक्तूबर से मुंबई के अंधेरी स्थित वाईआरएफ स्टूडियो के इनडोर सेट पर शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। पहले शेड्यूल में दोनों किरदारों के इंट्रोडक्शन सीन और उनके घरों के कुछ सीन पर फोकस किया जाएगा। नवंबर में यह लव स्टोरी गोवा शिफ्ट हो जाएगी। 'सैयारा' के विपरीत इस फिल्म में एक्शन भी देखने को मिलेगा। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक चलता है तो यह प्रोजेक्ट दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।



# रेड लहंगे में इठलाई रवीना की बेटी

रवीना थंडन की बेटी राशा थडानी बड़ी सुंदर हैं। पिछले साल ही 'आजाद' से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख चुकीं राशा ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। रेड कलर के लहंगे में वह बेहद हसीन लग रही हैं। उनका ब्लाउज भी बड़ा स्टाइलिश है। इस आउटफिट के साथ राशा ने स्मोकी आई मेकअप किया और न्यूड लिपस्टिक लगाई। इस लुक में एक्ट्रेस की अलग-अलग तस्वीरें देखकर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। फैंस ही नहीं बल्कि कई सेलेब्स ने भी राशा की खूबसूरती की तारीफ करते हुए रिएक्ट किया है। डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने हार्ट इमोजी भेजा।



# अब 'कॉलेज फेस्ट' जुड़ गई अलिजेह

अलिजेह अग्निहोत्री सलमान खान की बड़ी बहन अलवीरा और बहनोई अभिनेता-निमार्ता अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। सलमान की इस भांजी ने लगभग 3 साल पहले आई फिल्म 'फरें' से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया था। इसके बाद अब जाकर उनके हाथ नई फिल्म लगी है। अलिजेह की अपकमिंग फिल्म का नाम 'कॉलेज फेस्ट' बताया जा रहा है। यह एक हॉरर कॉमेडी और जॉम्बी थ्रिलर फिल्म होगी। इसमें अलिजेह के अलावा यूट्यूबर आशीष चंचलानी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्माण 'पंचायत' जैसी शानदार वेब सीरीज बनाने वाले प्रोडक्शन हाउस टीवीएफ द्वारा किया गया है, जबकि निर्देशन की कमान वैभव बंधू के हाथ में है। कहानी नई पीढ़ी के कॉलेज के दिनों की होगी। इसमें दिखाया जाएगा कि कॉलेज फेस्ट के दौरान रहस्यमयी संक्रमण फैल जाता है, जिसकी वजह से कॉलेज छात्र जॉम्बी बन जाते हैं।

# टोरंटो में 'फूलन' को स्टैंडिंग ओवेशन



चंबल के बीहड़ों से निकलकर संसद तक का सफर तय करने वाली दस्यु सुंदरी फूलन देवी के जीवन पर अब कनाडाई फिल्ममेकर रिची मेहता ने फिल्म बनाई है। बुधवार को टोरंटो में इसका प्रीमियर हुआ, जहां मौजूद दर्शक इसे देखकर भावुक हो गए और उन्होंने खड़े होकर तालियां बजाई। फेस्टिवल के 'स्पेशल प्रेजेंटेशन' सेक्शन के तहत मशहूर 'प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर' में इस फिल्म को दिखाया गया।

# Sport

## आस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने 75 गेंद में शतक लगाया:

# जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में 84 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ सिडनी

ट्रेविस हेड के शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को दूसरे वनडे में 84 रन से हरा दिया। हरारे में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट पर 356 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 48.3 ओवर में 272 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

हेड ने 84 गेंदों पर 112 रन की पारी खेली। उन्होंने 75 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह जिम्बाब्वे के खिलाफ किसी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का सबसे तेज वनडे शतक है। यह हेड का वनडे करियर का आठवां शतक भी है। ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत तेज रही। हेड ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कप्तान मिचेल मार्श ने संभलकर बल्लेबाजी की।

दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। मार्श ने 52 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके बाद वेलिंगटन मसाकादज़ा की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 53 रन बनाए।

मार्श के आउट होने के बाद भी हेड की रफ्तार कम नहीं हुई। उन्होंने 75 गेंदों में शतक पूरा किया। इसके बाद 112 रन बनाकर वेस्ली मधेवेरे की गेंद पर आउट हुए। हेड के बाद कूपर कॉनॉली ने पारी को गति दी। उन्होंने 78 रन बनाए और वनडे में लगातार तीसरी बार 50 से ज्यादा का स्कोर किया। एलेक्स कैरी ने 20 रन बनाए। पारी के आखिरी हिस्से में ओली पीक ने तेजी से रन जोड़े।




### जिम्बाब्वे की शुरूआत धीमी, पावरप्ले में 41 रन

357 रन का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत धीमी रही। टीम ने पहले 10 ओवर में तेज रन बनाने के बजाय विकेट बचाने पर ध्यान दिया। ब्रायन बेनेट 34 गेंदों में 23 रन बनाकर मैट रेनशॉ का शिकार हुए। बेन करन 46 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए। 16वें ओवर में जिम्बाब्वे का स्कोर 60/2 था। इसके बाद इनोसेंट काइया और ब्रेंडन टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े।

एडम जम्पा ने इनोसेंट काइया को बोल्ड कर वनडे में 200 विकेट पूरे किए। इसके बाद उन्होंने क्रेग एर्विन को 38 रन पर आउट किया। जिम्बाब्वे की ओर से सिकंदर रजा ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से लंबी साझेदारी नहीं मिल सकी। ब्रेंडन टेलर ने 39 और एर्विन ने 38 रन बनाए।

### चेस ओलिंपियाड- भारतीय मेंस टीम ने इटली को 3-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

समरकंद में शुक्रवार को 46वें चेस ओलिंपियाड के तीसरे राउंड में भारतीय मेंस टीम ने इटली को 3-1 से हराया। वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश ने 33 चाल में सबिनो ब्रुनेल्लो को हराकर जीत हासिल की। निहाल सरीन ने भी फ्रांसेस्को सोनिस को मात दी।

### नैनो न्यूज

- **संजू सैमसन की शानदार वापसी-** अफगानिस्तान के खिलाफ 22 गेंदों पर 57 रन की पारी के बाद उन्होंने चयन और आलोचनाओं पर अपनी बात रखी।
- **एशियन गेम्स में भारत-** भारत का अभियान 17 सितंबर से शुरू होगा और 19 सितंबर से मुख्य प्रतियोगिताएं शुरू होंगी।
- **वरुण चक्रवर्ती बाहर-** चोट के कारण एशियन गेम्स क्रिकेट टीम से बाहर हुए वरुण की जगह युवा लेग-स्पिनर विप्रज निगम को शामिल किया गया है।
- **चेस ओलंपियाड शुरू-** 46वां चेस ओलंपियाड समरकंद में शुरू हो गया है; भारत पुरुष और महिला दोनों वर्गों का मौजूदा चैंपियन है।
- **युवराज सिंह की सलाह-** 2027 वनडे विश्व कप से पहले उन्होंने भारतीय टीम में बड़े पैमाने पर बदलाव से बचने और खिलाड़ियों को पर्याप्त मौके देने की बात कही है।
- **लियोनेल मेसी का विदाई मैच-** अर्जेंटीना ने 6 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में बेनिन के खिलाफ मेसी के संभावित अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच की तैयारी की है।
- **एशियन गेम्स और टेनिस-** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने एशियन गेम्स में भारत की संभावनाओं पर अपनी उम्मीदें जताई हैं।
- **जापान बनाम भारत टी20-** जापान में 22 सितंबर को भारत के खिलाफ टी20 मुकाबला होने वाला है—जापान का किसी पूर्ण आईसीसी सदस्य के खिलाफ पहला मैच होगा।

## एशियाड में 100 मेडल भी नहीं जीतेगा भारत:

# नेशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन, भारतीय ओलिंपिक संघ और टॉप्स की रिपोर्ट में दावा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी जापान में चल रहे एशियन गेम्स में 100 मेडल के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाएगा। इस बार करीब 97 मेडल मेडल जीतने की उम्मीद है।

यह दावा नेशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन, इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन और साई की टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम की अंतरिक रिपोर्ट में किया गया है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि रिपोर्ट में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर मेडल की संभावनाओं का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस बार भारत के सिल्वर मेडल की संख्या बढ़ेगी। जबकि गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल कम होंगे। अनुमान के अनुसान भारत 20वें एशियाड में 25 गोल्ड मेडल जीतेगा। उसे 42 सिल्वर और 36 ब्रॉन्ज मिलेंगे। भारत ने हांगझोऊ एशियन गेम्स में 28 गोल्ड, 38 सिल्वर और 41 ब्रॉन्ज समेत 107 मेडल जीते थे। हालांकि, एक मेडल डोपिंग नियमों के कारण वापस ले लिया गया था। इस बार भारत के कम खिलाड़ी उतर रहे हैं। इससे अनुमानित मेडल की संख्या कम हुई है। भारत ने 501 खिलाड़ी भेजें हैं। पिछले एडिशन में भारत ने 661 खिलाड़ी भेजे थे।



**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**वधु चाहिए**
क्षत्रिय युवक 49, 6 फीट हेतु वधु चाहिए। जाति बंधन नहीं, विधवा मान्य। शीघ्र विवाह।
संपर्क करें
9754109866

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### महिला आत्महत्या मामले के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस

**धार।** जिले के गुणावद गांव में एक महिला की आत्महत्या के मामले में सादलपुर पुलिस ने रविवार को आरोपी आबिद उस्मान पटेल को गिरफ्तार किया है। महिला के परिजनों ने आबिद पर उसे अपने जाल में फंसाने, दबाव बनाने और शोषण करने का आरोप लगाया था। परिजनों और समाज के लोगों का कहना है कि इन्हीं बातों से परेशान होकर महिला ने जहर खाकर जान दे दी थी। महिला की मौत के बाद गांव में गुस्सा फैल गया था। समाज और हिंदू समाज के लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी और उस पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर गुणावद रोड पर धरना दिया था।

### धार में किराना दुकान से लाइसेंसी बंदूक चोरी

**धार।** सरदारपुर थाना क्षेत्र के लालपुर-टिमायची गांव में शनिवार शाम सांवरिया किराना स्टोर्स से लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक चोरी हो गई। बाइक से आए बदमाश दुकान की दीवार पर खूंटी में टंगी बंदूक उठाकर फरार हो गए। घटना शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। दुकान संचालक बिरजबाई की शिकायत पर सरदारपुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी बिरजबाई पति रामसिंह गेहलोत (65) निवासी लालपुर-टिमायची ने पुलिस को बताया कि दो बदमाश बाइक से दुकान के पास पहुंचे थे।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर वाहनों पर पथराव

**झाबुआ।** झाबुआ जिले की सीमा में शनिवार रात दिल्ली-मुंबई आठ लेन एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात बदमाशों ने गुजर रहे वाहनों पर पथराव कर दिया। हमले में भाजपा नेता सोनू यादव के वाहन समेत आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां क्षतिग्रस्त होने की जानकारी है। कुछ यात्रियों के घायल होने की भी बात सामने आई है। घटना के बाद वाहन चालकों और यात्रियों में डर का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि शनिवार रात झाबुआ क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे वाहनों पर अचानक पत्थर फेंके गए। हमले की चपेट में कई वाहन आए। कुछ वाहनों के शीशे टूट गए। यात्रियों ने किसी तरह वाहनों को आगे बढ़ाया और सुरक्षित स्थान की ओर पहुंचे।

झाबुआ-रतलाम मार्ग पर

### कीचड़-गड्ढों से एक किमी लंबा जाम



**एंबुलेंस भी फंसी, निर्माणाधीन सड़क ने बढ़ाई मुश्किलें**

**झाबुआ।** झाबुआ से रतलाम तक बन रही सड़क वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क निर्माण की धीमी रफ्तार और कंपनी की लापरवाही के कारण शनिवार शाम लंबा जाम लग गया। अधूरे काम की वजह से पूरे रास्ते पर आवाजाही पर असर पड़ रहा है। सड़क का बड़ा हिस्सा खोदने के बाद बारिश ने वाहन चालकों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। वाहन चालक आरोप लगा रहे हैं कि फूलमाल से रतलाम के बीच चल रहे इस काम में कंपनी ने कोई सही वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है। मेघनगर इलाके में हालात सबसे खराब हैं। यहां सड़क का एक हिस्सा सीमेंटेड बना दिया गया है, जबकि दूसरा हिस्सा कच्चा छोड़ दिया गया है।

## नैनो न्यूज

- **यूपीआई विरोध की तैयारी तेज-** इंदौर के करीब दो लाख व्यापारी 23 सितंबर को प्रस्तावित मर्चेंट शुल्क के विरोध में नो-यूपीआई डे मनाने की तैयारी कर रहे हैं।
- **व्यापार संगठनों ने बढ़ाया दबाव-** यूपीआई शुल्क के मुद्दे पर इंदौर के 125 से अधिक व्यापारिक संगठनों ने विरोध में भाग लेने की तैयारी की है।
- **कपड़ा कारोबारी साइबर ठगी का शिकार-** इंदौर के एक कपड़ा व्यापारी से बैंक अधिकारी बनकर 45 हजार रुपए की ठगी की गई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।
- **व्यापारियों में भुगतान शुल्क चिंता-** प्रस्तावित यूपीआई शुल्क को लेकर इंदौर के कारोबारियों में लागत बढ़ने और मुनाफे पर असर पड़ने की चिंता सामने आई है।
- **इंदौर में कॉरपोरेट गतिविधियां जारी-** शहर में आईटी और कारोबारी गतिविधियों से जुड़े नए निवेश व विस्तार को लेकर उद्योग जगत की सक्रियता बनी हुई है।
- **सराफा बाजार में चांदी टूटी-** इंदौर सराफा में चांदी 700 रुपए घटकर 2,34,500 रुपए किलो रही, जबकि सोना 100 रुपए सुधरकर 1,50,400 रुपए दस ग्राम पहुंचा।
- **सोने में मजबूती कायम रही-** सप्ताह के अंतिम कारोबार में इंदौर में सोने के भाव में मामूली तेजी रही, जिससे कारोबारियों को बड़ी गिरावट की आशंका नहीं है।
- **लाल मिर्च के भाव उछले-** इंदौर मंडी में लाल मिर्च का भाव 17,960 रुपए क्विंटल पहुंचा, पिछले रिपोर्टेड भाव के मुकाबले इसमें 23.8 प्रतिशत तेजी दर्ज हुई।

पीपीटी में दिखाया टीचर्स के 10 लाख पद खाली, वीडियो क्लिप्स में बताया अंधभक्त कौन

# जेन-जी स्टूडेंट्स के प्रोफेसर बने राहुल गांधी ने ली 1 घंटे की क्लास

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

हाथ में माइक, पीछे बड़ी स्क्रीन पर चलता पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, बीच-बीच में वीडियो क्लिप्स और सामने बैठे हजारों छात्र...। इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अंदाज किसी पारंपरिक राजनेता जैसा नहीं, बल्कि एक प्रोफेसर जैसा था।

शाम करीब 7 बजे शुरू हुई राहुल गांधी की यह 'क्लास' पूरे एक घंटे चली। उन्होंने कोई भाषणबाजी नहीं की, बल्कि छात्रों से संवाद किया। सिस्टम बनाम स्टूडेंट की इस क्लास को राहुल ने चार मुख्य चैप्टर्स में बांटकर अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों की शिक्षा और उनका माहौल देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनके मुताबिक, आज छात्र दबाव में हैं और शिक्षा हर बच्चे की पहुंच में नहीं है।

इसके बाद मध्य प्रदेश के छात्रों ने अपनी समस्याएं रखीं। राजगढ़ की सपना गुर्जर ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के कारण 13% पद रोके जाने से परीक्षा पास करने के बाद भी करीब 10 हजार युवाओं को नियुक्ति नहीं मिल सकी। यशिका दानी ने मध्य प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं समय पर नहीं हो रहीं और रिजल्ट भी देर से जारी हो रहे हैं।



**राहुल ने कहा- सवाल पूछने वाले छात्रों से सिस्टम असहज-** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सरकार सवाल पूछने वाले छात्रों को पसंद नहीं करती। उन्होंने अंधभक्त शब्द का इस्तेमाल करते हुए कहा कि सवाल न पूछने वाले लोग सरकार के लिए अधिक स्वीकार्य होते हैं। इसके समर्थन में उन्होंने कुछ वीडियो क्लिप्स भी दिखाईं।

मंच पर पीड़ित परिवार ने सुनाई आपबीती- इसी दौरान राहुल गांधी ने दिल्ली में छात्र की मौत से जुड़े एक हादसे की वीडियो क्लिप दिखाई। फिर मृत छात्र के पिता और बहन को मंच पर बुलाया। पिता ने कहा कि उनके बेटे की मौत महज हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का नतीजा थी। इसी मुद्दे पर उज्जैन की राधा मालवीय ने कहा कि शहरों में रहकर पढ़ाई करना महंगा होता जा रहा है। उनके मुताबिक, मकान का किराया हर साल 10% बढ़ता है जबकि आवास भत्ता 2 हजार रुपए महीना है।

### राहुल के मुताबिक सिस्टम के 6 चेहरे

तीसरे चैप्टर में राहुल गांधी ने देश के सिस्टम को प्रभावित करने वाले छह लोगों का जिक्र किया। उनके मुताबिक, इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी शामिल हैं।

**नरेंद्र मोदी (प्रधानमंत्री):** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सिस्टम के शीर्ष पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों पर डर और नियंत्रण का इस्तेमाल करते हैं।

**अमित शाह (गृह मंत्री):** राहुल गांधी ने अमित शाह को सिस्टम का एनफोर्सर बताया और छात्र प्रदर्शनों में पुलिस कार्रवाई के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटरों के रहते अमित शाह के बेटे को क्रिकेट प्रशासन में शीर्ष पद कैसे मिला।

**अजीत डोभाल (एनएसए):** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल छात्रों के फोन की निगरानी और नियंत्रण करते हैं।

**मोहन भागवत (आरएसएस प्रमुख):** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि आरएसएस से जुड़े संस्थानों को स्कूल, कॉलेज और अन्य संस्थान चलाने के लिए हजारों करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं।

**गौतम अडानी और मुकेश अंबानी:** राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि देश का कारोबार कथित तौर पर कुछ बड़े कारोबारी समूहों तक क्यों सिमट रहा है और इसमें अडानी-अंबानी की भूमिका क्या है?

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एमवाय अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

# जेडीए ने डीन को पत्र देकर की एफआईआर की मांग

### बाउंसर और आईडी आधारित प्रवेश व्यवस्था की तत्काल मांग की

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध एमवाय अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों और अटेंडेंट्स द्वारा जूनियर डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों के साथ मारपीट व अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन को पत्र सौंपकर आरोपियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने और अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

जेडीए के अनुसार, 77 वर्षीय मरीज सोनी लाल को दाहिने ऊपरी अंग में सेल्युलाइटिस, फर्स्ट-डिग्री एवी ब्लॉक और बेहद खराब सामान्य स्थिति में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों का कहना है कि मरीज को निर्धारित मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत पूरा उपचार और जरूरी चिकित्सा प्रबंधन दिया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जेडीए का कहना है कि ऐसी घटनाओं से डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षा कर्मियों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा होता है। अस्पताल की संपत्ति और उपकरणों को नुकसान पहुंचने से मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं।




### मौत के बाद अटेंडेंट्स ने की मारपीट

डीन को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि मरीज की मृत्यु के बाद उनके साथ आए अटेंडेंट्स और परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड्स के साथ हाथापाई और अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान आईसीयू की संपत्ति और चिकित्सकीय उपकरणों को नुकसान पहुंचाने का भी आरोप लगाया गया है।

अस्पताल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट, वार्डों, क्लब और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में बाउंसर और प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों को तुरंत तैनात किया जाए। मरीजों के अटेंडेंट्स के प्रवेश और आवागमन को नियंत्रित करने के लिए एक्सेस कंट्रोल और पहचान-पत्र आधारित सख्त व्यवस्था लागू की जाए। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ हिंसा, धमकी या अप्रिय स्थिति बनने पर तुरंत कार्रवाई के लिए पुलिस और अस्पताल सुरक्षा टीम को मिलाकर रैपिड रिस्पॉन्स मैकेनिज्म बनाया जाए।

# सुगंध दशमी आज मनाई जाएगी मंडल विधान की रचना से सजेंगे जिनालय

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



दिगम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व के अंतर्गत पर्व के छठे दिन 21 सितंबर को उत्तम संयम धर्म के अवसर पर सुगंध दशमी (धूप दशमी) का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने कहा कि नगर के समस्त 140 जिनालयों पर जैन संस्कृति एवं धर्म पर आधारित मंडल विधान, झांकियो की आकर्षक रचना निर्मित की जाएगी जिसके माध्यम से दस लक्षण धर्म की महत्ता प्रतिपादित की जाती है। समाजिक सांसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, महामंत्री हर्ष जैन ने कहा कि नगर के सभी जिनालयों पर आकर्षक विद्युत सज्जा होगी। साथ ही इस अवसर पर जिनालयों की बहुमूल्य वस्तुओं, कृतियों को प्रदर्शित कर समाज जन के दर्शनार्थ रखा जाता है। कई जिनालयों में विशेष झांकियों के माध्यम से समाज के युवा मंडलों द्वारा झांकियों के माध्यम से प्रमुख तीर्थों की रचना, धर्म, संस्कृति का प्रदर्शन भी होता है। सुगंध दशमी के अवसर पर जैन धर्मावलंबी विशेष भेष भूसा में परिजनों के साथ अधिक से अधिक जिनालयों के दर्शन हेतु परम्परागत रूप से निकलेंगे। जिनालयों पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई है।

# गड्ढे में डूबने से इकलौते 8 साल के बच्चे की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

गांधी नगर थाना क्षेत्र के नया बसेरा इलाके में रविवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। स्कूल की छुट्टी होने पर वंश घर से खेलने का कहकर निकला था। दोपहर तक वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। गड्ढे के पास उसके कपड़े मिले और तलाश करने पर पानी में शव मिला। गांधी नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। गांधी नगर पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान वंश (8) पिता विशाल, निवासी नया बसेरा, गांधी नगर के रूप में हुई है। वंश चौथी कक्षा का छात्र था। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण वह सुबह घर पर था और बाद में खेलने के लिए निकला था। दोपहर करीब डेढ़ बजे तक वंश घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में निकले। आसपास के बच्चों ने परिजनों को बताया कि वंश पास ही स्थित पानी के गड्ढे में नहाने जाने की बात कह रहा था। इसके बाद परिजन गड्ढे के पास पहुंचे, जहां वंश के कपड़े पड़े मिले। परिजन तलाश करते हुए गड्ढे के पास पहुंचे तो वहां वंश के कपड़े पड़े मिले। इसके बाद गड्ढे के पानी में तलाश की गई तो अंदर वंश का शव मिला।

# सितंबर के आखिरी सप्ताह में होगी बारिश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

दक्षिण-पश्चिम मानसून के आखिरी दौर में मध्य प्रदेश में तेज बारिश की झड़ी लग सकती है। मौसम केंद्र के मुताबिक, उत्तर अंडमान सागर में लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) सक्रिय हो रहा है। इसका एमपी में भी असर हो सकता है। अगले 4 दिन भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत अन्य जिलों में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक ने बताया कि नया सिस्टम कितना स्ट्रॉन्ग रहता है, यह उसकी दिशा और तीव्रता तय करेंगे। 23 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं है लेकिन सिस्टम की एक्टिविटी के चलते अनुमान में बदलाव भी हो सकता है। इससे पहले शनिवार को भोपाल समेत आसपास के इलाकों में रातभर हुई बारिश के बाद भदभदा का एक और कलियासोत डैम के दो गेट खोल दिए गए। ब्यावरा में लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए। अजनार नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा, जिससे इलाके में बाढ़ जैसे हालात बन गए। आगर जिले में नलखेड़ा समेत कई जगहों पर भारी बारिश रिकॉर्ड की गई। मां बगलामुखी मंदिर के सामने से गुजरे नाले में एक कार बह गई। इससे 8 लोगों की मौत हो गई।

# स्टार्टर चालू करते ही किसान को लगा करंट, मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बायपास स्थित नेहरूग्राम में शनिवार को खेत पर पानी की मोटर चालू करने गए किसान कमल (50) की करंट लगने से मौत हो गई। स्टार्टर का स्विच दबाते ही उन्हें करंट लगा और वे गिर पड़े। बाद में लोगों ने उन्हें देखा और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक मृतक कमल पुत्र गेदालाल खोबारे हैं। वे पेशे से किसान थे। उनका खेत घर से कुछ ही दूरी पर है। शनिवार को वे खेत पर पानी की मोटर चालू करने गए थे। स्टार्टर का स्विच दबाते ही करंट लगने से वे गिर गए। बाद में लोगों ने उन्हें देखा और अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजन उन्हें पहले नजदीकी अस्पताल ले गए। इसके बाद एमवाय अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में कमल की दो बेटियां और एक बेटा है। सभी की शादियां हो चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक अभी हादसे को लेकर जांच की जा रही है।

इंदौर में छात्रों की गूंज से पहले आई 7 चुनौतियां

# झूठ की गूंज के पोस्टर, 31 शर्तें, रूट बदला राहुल देर से पहुंचे, फिर भी पूरा किया संवाद



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ महू**

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए 18 सितंबर की रात तक कांग्रेस की तैयारियां पूरी थीं। पार्टी नेता और कार्यकर्ता पूरे उत्साह में थे, लेकिन 19 सितंबर की सुबह होते ही एक के बाद एक नई चुनौती सामने आती गई।

पहले शहर में राहुल गांधी के विरोध में झूठ की गूंज के पोस्टर-होर्डिंग नजर आए, फिर स्वागत के रूट में बदलाव करना पड़ा और कार्यक्रम स्थल पर भीड़ को लेकर प्रशासन की तय क्षमता और कांग्रेस के दावों के बीच बड़ा अंतर सामने था। कार्यक्रम से जुड़ी अनुमति में भी कई शर्तें थीं। कांग्रेस पहले से ही अनुमति को लेकर प्रशासनिक स्तर पर आ रही दिक्कतों को राजनीतिक मुद्दा बनाती रही थी। पार्टी नेताओं का आरोप था कि कार्यक्रम में अड़चनें पैदा की जा रही हैं, जबकि भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अपनी अलग दलील रखी। इन तमाम घटनाक्रमों के बीच कांग्रेस ने कार्यक्रम को रद्द या सीमित करने के बजाय मौके के हिसाब से रणनीति बदली। नतीजा यह रहा कि राहुल गांधी देर से पहुंचे, इसके बावजूद छात्र संवाद पूरा हुआ और कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दुल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्टर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com